



RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच






वर्ष- 14, अंक - 86 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 8 जनवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# राज्यस्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आगाज, सीएम बघेल ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा कर किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में रविवार को राज्यस्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर इन खेलों का शुभारंभ किया। प्रदेश में पहली बार ऐतिहासिक छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की राज्य स्तरीय स्पर्धाएं हो रही हैं जिसका शुभारंभ सीएम भूपेश बघेल ने किया है।

बता दें राज्यस्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में 14 तरह की खेल विधाओं को शामिल किया गया है। इनमें गिल्ली-डंडा, पिट्ठुल, संखली, लंगड़ी-दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, बांटी, बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद आदि खेल शामिल हैं। यह सभी छत्तीसगढ़ के ग्रामीण खेल हैं। ये सारे खेल समय के साथ-साथ पीछे छूटते जा रहे थे, लोग इन्हें भूलते जा रहे थे। लेकिन सीएम भूपेश बघेल की पहल पर एक बार यह खेल लोगों की जेहन में आ गए हैं।

इस राज्य स्तरीय आयोजन में प्रदेश के सभी जिलों के लगभग 1900 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। ये स्पर्धाएं 10 जनवरी 2023 तक चलेगी। इस मौके पर कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव भी उपस्थित हैं।



## 14 पारंपरिक खेलों को किया गया है शामिल

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य के छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया गया है। घरेलू महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी इस ओलंपिक में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में 14 खेलों को शामिल किया गया है। इसके तहत दलीय खेल में गिल्ली डंडा, पिट्ठुल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बाटी (कंचा) और एकल खेल में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मी. दौड़ तथा लंबी कूद की प्रतिस्पर्धाएं शामिल हैं। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव श्री नीलम नामदेव एक्का, संचालक श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, नागरिक, वरिष्ठ अधिकारी और खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खास खबर...

### ठंड का सितम जारी, मौसम विभाग का अलर्ट, 10 जिलों में शीतलहर की चेतावनी

**रायपुर।** प्रदेश में अभी ठंड का सितम जारी है। पिछले दिनों की अपेक्षा मौसम में कोई बदलान देखने को नहीं मिला है। हालांकि राजधानी रायपुर में सुबह से ही मौसम खिला हुआ है। धूप निकली हुई है। ठंडी हवाएं चल रही हैं। शाम और सुबह के समय तापमान में ज्यादा गिरावट होने से ठंड ज्यादा लग रही है। मौसम विभाग ने शीत लहर की चेतावनी जारी की है। राजधानी रायपुर के लालपुर स्थित भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए कहा कि प्रदेश के तीन संभागों में शीतल लहर का असर देखने को मिल सकता है। यह चेतवनी 9 जनवरी तक के लिए जारी की गई है। कोरिया, बलरामपुर, सरगुजा, सूरजपुर, जशपुर, कवर्धा, पेंडारोड और दुर्ग और उससे लगे जिलों में एक दो पॉकेट में शीतलहर की संभावना है। बीते दिनों से पूरे प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। प्रदेश में उत्तर से ठंड हवाओं के चलने की वजह से बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, कुछ दिन तक और मौसम का हाल ऐसा ही रहेगा। न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना जताई जा रही है। वहीं दुर्ग-भिलाई में भी सुबह से धूप निकली है। यहां सुबह से ही ठंड हवाएं चल रही हैं। यहां पर मौसम विभाग ने शाम तक ठंड बढ़ने की आशंका जताई है। दुर्ग का तापमान अधिकतम 27 प्रतिशत और न्यूनतम 7 प्रतिशत डिग्री सेल्सियस देखने को मिला।

### चीन के जियांग्शी में दिल दहला देने वाला सड़क हादसा, 17 लोगों की मौत; 21 घायल

**बीजिंग (एजेंसी)।** पूर्वी चीन के जियांग्शी प्रांत में रविवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया। अधिकारियों ने बताया, नानचांग काउंटी में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 22 लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया, हादसा एक बजे से ठीक पहले हुआ था। जांच में सामने आया है कि गाड़ी चलाते समय यहां लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कोहरे के कारण दृश्यता न के बराबर बची है, जिस कारण इस प्रकार के सड़क हादसे हो रहे हैं। अधिकारियों ने लोगों को धीरे व सावधानी से चलने की सलाह दी है। इससे पहले सितंबर में चीन में हुए हादसे में 27 लोगों को मौत हो गई थी। हादसा दक्षिण-पश्चिमी गुइझोऊ प्रांत में हुआ था, जहां क्वारंटीन के लिए जा रही एक बस मोटरवे पर पलट गई थी।

### सीएम भूपेश बघेल ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी

# मिलेट फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर संग्रहण का आग्रह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मिलेट फसलों न्यूनतम समर्थन मूल्य पर संग्रहण करने के संबंध में निर्णय लेने का आग्रह किया है। उन्होंने अपने पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से निवेदन किया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम' अन्तर्गत वितरित किये जाने वाले अनाजों, मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, महिला बाल विकास विभाग के पोषण आहार तथा आश्रम व छात्रावासों दिये जा रहे रियायती अनाज में 20 से 25 प्रतिशत मात्रा मिलेट फसलों की मात्रा देने का सुझाव दिया है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने पत्र में कहा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारत सरकार की पहल पर वर्ष 2023 को 'अन्तरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष' घोषित किया है। एनीमिया एवं कुपोषण के नियन्त्रण में मिलेट की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। पिछले कुछ वर्षों में विपणन व्यवस्था के अभाव में मिलेट फसलों के उत्पादन में कमी आयी है। उन्होंने पत्र में लिखा कि केन्द्र सरकार यदि राज्य सरकारों को मिलेट फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर संग्रहण करने एवं PDS आदि में उपयोग के लिए रियायती दर पर देने का निर्णय लेती है तो इससे मिलेट के उत्पादन में वृद्धि हो सकेगी।

पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बताया कि छत्तीसगढ़ में मिलेट फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 'मिलेट मिशन' की स्थापना की गई है। राज्य में पैदा होने वाले कोदो, कुटकी एवं रागी को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है। प्रदेश में सरकार द्वारा मिलेट उत्पादकों को 9,000 रुपए प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी भी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से यह भी बताया कि किसी अन्य राज्य में मिलेट फसलों के उत्पादकों को इतनी अधिक सहायता नहीं दी जा रही। राज्य सरकार के प्रयासों के कारण प्रदेश में मिलेट फसलों के उत्पादन में वृद्धि हुई है।

# ट्रांसपोर्टर इंद्रजीत सिंह को धमकाने वाले की हुई पहचान

## सीसीटीवी फुटेज में दिखा संदिग्ध



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज स्थित हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के संचालक इंद्रजीत सिंह (छोटू) को धमकी भरा पत्र भेजने वाले की पहचान हो गई है। ट्रांसपोर्टर इंद्रजीत सिंह को धमकी भरा पत्र भेजने वाला ट्रांसपोर्टर सतबीर सिंह उर्फ सोनू है जिसने अपने सुपरवाइजर जोन-2 खुर्सीपार निवासी राजेश गुप्ता पिता स्व काशी नाथ गुप्ता के हाथों लेटर पोस्ट कराया था। दो दिन की जांच के बाद पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज बरामद किया है जिसमें संदिग्ध दिख रहा है। राजेश्ट्रा गुप्ता ट्रांसपोर्टर सतबीर सिंह उर्फ सोनू के यहां पिछले कई सालों से सुपरवाइजरी कर रहा है। यही नहीं यह धमकी भरा पत्र पोस्ट करने के लिए सतबीर सिंह ने ही उसे दिया था।

बता दें दो दिन पहले ट्रांसपोर्टर इंद्रजीत सिंह (छोटू) को धमकी भरा पत्र मिला था। ट्रांसपोर्टर इंद्रजीत को सफेद लिफाफे में पत्र भेजकर धमकी दी गई थी। उन्हें पत्र लिखने वाले ने बाहर से आदमी बुलवाने व उनके जरिए जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में ट्रांसपोर्टर इंद्रजीत सिंह (छोटू) की शिकायत के बाद पुरानी भिलाई पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस को इसमें बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने संदिग्ध की पहचान कर ली है।

बता दें ट्रांसपोर्टर सतबीर सिंह उर्फ सोनू दिवंगत ट्रांसपोर्टर मंगासिंह के बेटे हैं। मंगा सिंह की मौत कारोबार उनके बेटे सतबीर सिंह उर्फ सोनू संभाल रहा था। बताया जा रहा है एक ही व्यवसाय से जुड़े होने के कारण इंद्रजीत सिंह की सतबीर सिंह से दोस्ती भी है। अब जब धमकी भरा पत्र उसी के द्वारा भेजे जाने की जानकारी मिली तो इसे लेकर वह भी सकते में है। बहरहाल पुलिस इस मामले में दोनों आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करेगी। दुर्ग एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने कहा है कि हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के संचालक इंद्रजीत सिंह (छोटू) को धमकी भरा पत्र भेजने वाले की पहचान हो गई है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

## ऐसे खुला लेटर का राज

दो दिन पहले शिकायत के बाद पुलिस ने पत्र की जांच की। पता चला कि यह लेटर 25 दिसंबर 2022 को सेक्टर 2 के स्ट्रीट पोस्ट बॉक्स से पोस्ट किया गया है। उस दिन के सीसी टीवी फुटेज खंगाले तो बाइक सवार संदिग्ध दिखा जिसने पत्र पोस्ट किया था। वह ब्लैक कलर की स्प्लैंडर प्लस बाइक से आया था। इसके बाद पुलिस लेटर पोस्ट करने वाले का पता लगाया और उसके बाद उसे भेजने वाले ट्रांसपोर्टर का नाम भी सामने आया।

# शिवनाथ पुल पर कार-स्कूटर की टक्कर, हादसे में पति-पत्नी की मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** शिवनाथ नदी पुल पर शनिवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। स्कूटर व कार में आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें स्कूटर सवार पति पत्नी की मौत हो गई। घटना के बाद स्कूटर व कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद पुलगांव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतकों को जिला अस्पताल पहुंचा। रविवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। बताया जा रहा हादसा इतना जोरदार था कि स्कूटर चकनाचूर हो गया।

पुलगांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्कूटर सवाल पति-पत्नी दुर्ग के पोलसायपारा निवासी थे। पोलसायपारा निवासी ज्ञानचंद लेखवानी (56) अपनी पत्नी वंदना लेखवानी (45 साल) के साथ शनिवार रात को राजनांदगांव से लौट रहे थे। आधी रात लगभग 12:30 बजे वे शिवनाथ पुल से गुजर रहे थे। इस दौरान कार सीजी 07 बीएफ 5195 ने इनकी स्कूटर को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। कार की ठोकर से इनकी स्कूटर घसीटती चली गई। कार सवार मौके से फरार हो गया और दोनों पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार सवारों को चोट नहीं आई है। बताया जा रहा है कि कार के एयरबैग खुलने के कारण वे सुरक्षित बच गए। बताया जा रहा है कि मृतक ज्ञानचंद लेखवानी की दुर्ग में जूते चप्पल की दुकान है।

# भिलाई के चन्ना केशवलू को मिली बड़ी जिम्मेदारी, आल इंडिया तेलगु सेना के बने प्रदेश अध्यक्ष

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आंध्रसमाज के सशक्त प्रहरी एन चन्ना केशवलू को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें तेलगु समाज के तेलगु कम्नियुटी वेलफेयर एसोसियेसन (TCWA) के तहत आने वाली आल इंडिया तेलगु सेना (AITS) का छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद दुर्ग पहुंचे चन्ना केशवलू का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान दुर्ग रेलवे स्टेशन पर समाज की महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।



इस मौके पर चन्ना केशवलू ने सभी का आभार जताते हुए कहा है कि यह जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है उसे पूरी इमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा के तेलुगू समाज को प्रगति पथ पर अग्रसर करने का प्रयास रहेगा। हमारी कोशिश होगी की समाज का हर तबका शिक्षित, होकर,संगठित होकर अपने आप और परिवार तथा समाज और देश को नई ऊंचाई और दिशा दे सके। जिससे आंध्र समाज के साथ छत्तीसगढ़ व भारत का नाम विश्वपटल पर चमके।

# शाह ने कर दी छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री के आरोपों की पुष्टि

श्रीकंचनपथ




केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक तरह से छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के आरोपों की पुष्टि कर दी है. उन्होंने कहा कि यदि विकास चाहते हैं तो प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनाएं. यानी केन्द्र और राज्य दोनों जगह एक ही पार्टी की सरकार होगी तो विकास ज्यादा होगा. साथ ही उन्होंने मोदी कार्ड भी खेला. उन्होंने कहा कि यदि देश में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनानी है तो छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाएं. भूपेश सरकार लगातार यह आरोप लगाती रही है कि केन्द्र छत्तीसगढ़ के हिस्से का पैसा रोक रहा है. इससे छत्तीसगढ़ में योजनाओं के क्रियान्वयन में दिक्कतें आ रही हैं. भाजपा के स्थानीय नेता इस आरोप का जवाब देने से बचते रहे हैं. जब जब आरोप लगता है वह डीएमएफ और प्रधानमंत्री आवास योजना को उछालती है. बता दें कि डीएमएफ (डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड:) एक स्थानीय निधि है जिससे उसी जिले का विकास किया जाता है जहां की खदानों से यह पैसा आता है. अवधारणा यह है कि माइनिंग से लोगों का विस्थापन होता है, पर्यावरण प्रदूषित होता है, लोगों की पारम्परिक आजीविका को नुकसान होता है. इस फण्ड से इस क्षति की भरपाई लक्षित है. इसकी योजना भी जिला स्तर पर ही बनती है. प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा केवल प्रधानमंत्री आवासों में ही लगना है और उसमे भी राज्य को और पैसा लगाना है. अन्य विकास कार्यों के लिए पैसा कहां से आएगा? इसका जवाब भी भाजपा को देना चाहिए. केन्द्र की प्राथमिकताएं भी अजीब हैं. किसी भी प्रदेश में आवासहीन कितने हैं. कितने लोग हैं जो सड़कों पर या पेड़ों के नीचे जीवन गुजार रहे हैं. लोगों की पहली जरूरत आजीविका है. आजीविका के साधन ठीक होंगे तो बाकी का इंतजाम वो खुद कर लेंगे. भूपेश सरकार इसी दिशा में प्रयास कर रही है. केन्द्र इसे जानता भी है. इसलिए हमेशा तीखे तेवर और धमकाने वाले अंदाज में पेश आने वाले अमित शाह भी इस बार थके-थके से नजर आए. उन्होंने उन सारे मुद्दों को मंच से उठाया जिसे भाजपा के लगातार पदलते प्रदेश प्रभारी और पूर्व मुख्यमंत्री समय-समय पर उठाते रहे हैं. पर इस बार उनकी वाणी में ऊर्जा कम थी, मारक क्षमता भी नहीं के बराबर ही थी. विपक्ष में चार साल से हाथ पर हाथ धरे बैठी भाजपा को बचाने के लिए उनके पास कोई फार्मूला नहीं था.



## संपादकीय

# ये रहस्यमय मौतें!

ओडिशा में रूसी नागरिकों की हुई मौत के बारे में अगर आधिकारिक तौर पर दी गई जानकारी को मानें, तो यह महज एक संयोग है। लेकिन संयोग ऐसा है, जिसको लेकर सहज ही मन में कई सवाल उठते हैं। ओडिशा में एक के बाद एक तीन रूसी नागरिकों की मौत की खबर रहस्यमय है। अगर आधिकारिक तौर पर दी गई जानकारी को मानें, तो यह महज एक संयोग है। लेकिन संयोग ऐसा है, जिसको लेकर सहज ही मन में कई सवाल उठते हैं। ओडिशा पुलिस ने बताया है कि राज्य में 3 जनवरी को एक और रूसी मृत पाया गया। मृत रूसी नागरिक की पहचान मिलयाकोव सर्गेई के रूप में हुई है। उनका शव पारादीप बंदरगाह पर लंगर डाले एक जहाज पर मिला। 51 वर्षीय सर्गेई एमबी अल्दनाह जहाज के चीफ इंजीनियर थे। यह जहाज पारादीप के रास्ते बांग्लादेश से मुंबई जा रहा था। पुलिस के मुताबिक वे सुबह करीब 4.30 बजे अपने जहाज के चेंबर में मृत पाए गए। फिलहाल पुलिस मौत के कारणों के बारे में कुछ नहीं बताया है। सिर्फ यह कहा गया है कि मामले की जांच की जा रही है। इससे पहले 24 दिसंबर को 65 साल पावेल एंतोव ओडिशा में रायगढ़ के एक होटल में एक मृत मिले थे। बताया गया कि एंतोव की होटल की तीसरी मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई। एंतोव खून से लथपथ होटल के बाहर मिले थे। उनकी मौत से ठीक दो दिन पहले एक और रूसी नागरिक 61 साल के व्लादिमीर बिदेनोव की उसी होटल में मौत हुई थी। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि बिदेनोव की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। वैसे ओडिशा पुलिस ने इन मौतों के सिलसिले में एंतोव और बिदेनोव के साथ यात्रा कर रहे दो और रूसी नागरिकों से भी पूछताछ की थी। एंतोव सिर्फ एक नेता ही नहीं, बल्कि एक बड़े कारोबारी भी थे। हालांकि वे रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन की यूनाइटेड रशिया पार्टी के सदस्य थे, लेकिन रूस के यूक्रेन पर हमले के कड़े आलोचक थे। यूक्रेनी मीडिया के मुताबिक एंतोव ने सोशल मीडिया पर यूक्रेन पर रूसी हमले की आलोचना की थी और उसे आतंकवादी कार्य करार दिया था। इस पृष्ठभूमि में उनकी हुई मौत को लेकर अगर संदेह खड़ा हुआ, तो यह बेजा नहीं है। हालांकि पुलिस इन संदेहों को तव्वजो नहीं दे रही है, लेकिन रहस्य बना हुआ है।

> “ पुलिस ने पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि बिदेनोव की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। वैसे ओडिशा पुलिस ने इन मौतों के सिलसिले में एंतोव और बिदेनोव के साथ यात्रा कर रहे दो और रूसी नागरिकों से भी पूछताछ की थी।

> “ जो भारतवंशी किसी अन्य देश के नागरिक बन गए हैं, वे भी भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका अदा करते हैं। पिछले दिनों वेदांता समूह ने गुजरात में सेमीकंडक्टर चिप बनाने की फैक्टरी की नींव डाली। इस ग्रुप के चेयरमैन कभी पटना में कारोबार किया करते थे, आज उनका शुमार इंग्लैंड के तीन सर्वाधिक धनिकों में होता है।

# बाहर बसते करोड़पति और हम


शशि शेखर

पिछले दिनों निवेश जुटाने के मकसद से यूरोप पहुंचे उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल को कई बार सुखद आश्चर्य से रूबरू होने का मौका मिला। वहां लगभग हर औद्योगिक संस्थान ने भारत के प्रति गहरी रुचि दिखाई। साफहै, पश्चिम के धनी-मानी देशों का नजरिया बदल रहा है। इस प्रतिनिधिमंडल के एक सदस्य की बातें सुनते हुए मुझे 1991 की वह शाम अनायास याद आ गई। हम बॉन में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री नरसिंह राव के साथ थे। उस यात्रा में एक बैठक जर्मनी के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ रखी गई थी। वहां परेशान करने वाले तमाम सवाल उठे थे। इन्फ्रास्ट्रक्चर, कार्य-संस्कृति और नौकरशाहों का अड़ियल रवैया जर्मन उद्योगपतियों की नजर में बड़ी बाधा थे। नरसिंह राव ने उन्हें तार्किक तौर पर समझाने की कोशिश की, मगर पहले प्रयास में बड़ी सफलता की उम्मीद खुद उनको भी न थी। भारतीय प्रधानमंत्री जानते थे कि हिन्दुस्तानी अर्थव्यवस्था के जो दरवाजे उन्होंने मनमोहन सिंह के साथ खोले हैं, वहां आज नहीं, तो कल भीड़ जुटनी ही है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी तो यही कर रहे हैं। वह जानते हैं कि उत्तर प्रदेश के पास पूर्व, पश्चिम और दक्षिण के राज्यों की तरह समुद्र नहीं है। एक 'लैंड लॉक्ड' प्रदेश के लिए पूंजी जुटाना आसान नहीं, पर उत्तर प्रदेश संसार की सबसे अधिक आबादी वाले देश (यह ओहदा हमें 14 अप्रैल को हासिल हो जाएगा) का सर्वाधिक जनसंख्या वाला प्रदेश है। यही वजह है कि इस भू-भाग की खपत सर्वाधिक है। यूरोप के अनेक देशों से ज्यादा लोग यहां बसते हैं। ऐसे में, यह सूबा तमाम उत्पादों के लिए आदर्श बन जाता है। बेहतर कानून-व्यवस्था और व्यावसायिक सुगमता का माहौल बनाने में सरकार जुटी हुई है। अगले वर्ष यदि जेवर का हवाई अड्डा चालू हो जाता है, तो इस अभियान को गति मिलेगी। लुधियाना-हावड़ा 'ईस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर' का सबसे बड़ा डिपो भी गौतमबुद्ध नगर जनपद में बनेगा। योगी जानते हैं कि नरसिंह राव से नरेंद्र मोदी तक अगर भारतीय राजनीति ने एक से दूसरे ध्रुवांत तक का सफर पूरा किया है, तो हमारी अर्थव्यवस्था ने भी लंबी दूरी तय की है। उत्तर प्रदेश की हुकूमत इसका लाभ उठाना चाहती है।

नववर्ष के आगमन पर आयोजित पार्टी में मैंने ये बातें अर्थशास्त्र के एक नामी पंडित को बताईं। वह मुंह बिचकाकर बोले, यह सही है कि हमारा देश पिछले तीस सालों में तेजी से आगे बढ़ा है, पर हमें बहुत उत्साहित होने की जरूरत नहीं। भारत से बड़ी संख्या में लोग बाहर जाकर बस रहे हैं। पिछले 11 सालों में 16 लाख से अधिक लोग ऐसा कर चुके हैं। वर्ष 2022 में अक्तूबर तक ही 1,83,000 से अधिक लोग दूसरे देश की नागरिकता ग्रहण कर चुके थे। जिन लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ी, उनमें अधिकतर की पहली पसंद अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और ब्रिटेन थे। इनमें करोड़पति तक शामिल हैं। करोड़पतियों के पलायन के मामले में भारत का नंबर रूस और चीन जैसे देशों के तत्काल बाद आता है। तीनों देशों के 33 हजार से अधिक करोड़पतियों ने पिछले साल अपनी सरजमीं को अलविदा कहा। यह आंकड़ा इस बरस और बढ़ सकता है। यहां बताना जरूरी है कि अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों के लोग भी अन्य कारणों से दूसरे देश की नागरिकता ग्रहण कर रहे हैं। वर्ष 2020 में 6,198 अमेरिकियों ने दूसरे देश की नागरिकता को अपनाया था। गैलप पोल्स के सर्वेक्षण के अनुसार, 15 प्रतिशत नागरिक अब अमेरिका में नहीं रहना चाहते। क्या यह प्रवृत्ति चिंताजनक है?

'हेनली ऐंड पार्टनर्स' की रिपोर्ट बताती है कि भारत को इससे कोई परेशानी नहीं होने वाली, क्योंकि जितने करोड़पति नागरिकता छोड़ते हैं, उससे कहीं अधिक करोड़पतियों के क्लब में शामिल हो जाते हैं। इस दशक के अंत तक इन लोगों में 80 फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। जीडीपी के अनुमान इस तथ्य की तस्दीक करते हैं। यहां एक सवाल और उठता है कि जो लोग बाहर जाकर बस जाते हैं, क्या वे हमारी अर्थव्यवस्था में कोई योगदान नहीं करते? क्या इसे सिर्फ'ब्रेन-ड्रेन' का उदाहरण मान लेना चाहिए? आंकड़े बताते हैं कि प्रवासी अपने परिजनों, धार्मिक, शैक्षिक या सामाजिक उत्थान में जुटे संस्थानों को नियमित तौर पर धनराशि भेजा करते हैं। दुनिया में तीस ऐसे देश हैं, जिनकी जीडीपी में 'रेमिटेंस' राशि की हिस्सेदारी दस फीसदी से अधिक है। किर्गिस्तान की कुल जीडीपी में 33 फीसदी और तजाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में प्रवासियों की हिस्सेदारी 29 प्रतिशत है। फिलीपींस की जीडीपी में उसके प्रवासी दस फीसदी का योगदान करते हैं। भारत की बात करें, तो हमारे खजाने में गुजरे दिसंबर तक 'रेमिटेंस' राशि 100 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर चुकी है। इस मामले में हम शीर्षस्थ हैं। यही नहीं, प्रवासी जब लौटते हैं, तो नई कार्य-कुशलता और दक्षता साथ लेकर आते हैं, जिसका लाभ उनकी मातृभूमि को मिलता है। भारत में तमाम सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सुधारों के प्रणेता विकसित देशों से रोशनी ग्रहण कर लौटे थे। ऐसे महापुरुषों की लंबी शृंखला है। क्या हम मोहनदास करमचंद गांधी के बिना आजादी और राजा राम मोहन राय के अभाव में सती प्रथा के उन्मूलन की कल्पना कर सकते थे?



यहां यह भी जान लेना जरूरी है कि जो भारतवंशी किसी अन्य देश के नागरिक बन गए हैं, वे भी भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका अदा करते हैं। पिछले दिनों वेदांता समूह ने गुजरात में सेमीकंडक्टर चिप बनाने की फैक्टरी की नींव डाली। उम्मीद है, यह फैक्टरी अगले साल के अंत तक उत्पादन शुरू कर देगी। इससे हमारे उद्योगों की चीन पर निर्भरता कम होगी और लगभग एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। वेदांता ने शीघ्र दूसरे चिप कारखाने की स्थापना के संकेत भी दिए हैं। इस ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल कभी पटना में कारोबार किया करते थे, आज उनका शुमार इंग्लैंड के तीन सर्वाधिक धनिकों में होता है। मैं चाहूं, तो ऐसे अनेक नाम गिना सकता हूं।

एक और बात। जो लोग विदेश में बस जाते हैं एवं एक-दो पीढ़ी बाद उनका सीधा नाता अगर भारत-भूमि से टूट जाता है, तब भी वे भारत का हित ही साधते हैं। ऋषि सुनक, कमला हैरिस, आलोक शर्मा, प्रीति पटेल, सुंदर पिचाई, सत्या नडेला, पराग अग्रवाल, शांतनु नारायण, लीना नायर, अमर्त्य सेन, अभिजीत बनर्जी, स्वर्गीय रवि शंकर जैसी दर्जनों हस्तियों ने भारत के प्रति दुनिया की राय बदलने में बड़ी भूमिका अदा की। इन्होंने अपने उजले कामों से अंग्रेजों द्वारा थोपी गई इस छवि को नकारा कि भारत संपेरों का देश है। अब आप समझ गए होंगे कि उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल को यूरोप में क्यों हाथों-हाथ लिया गया। हमें नए साल में इस नेक काम को आगे बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए।

## गुरुजी ने नृत्य को प्रार्थना बना दिया

युद्ध सृष्टि विरुद्ध आचरण है। भले दुनिया के किसी कोने होता हो, पर दूर के अनेक इलाकों में न जाने कितनों को रुलाता, तोड़ता और लूट लेता है। उस 17 वर्षीय ओड़िया किशोर का भी युद्ध से बुरा हाल था। वह आठ साल से एक लीला मंडली में सेवाएं दे रहा था। गरीबी कम उम्र में ही उसे गांव से दूर ले आई थी। खैर, जब जान बचाने के लाले पड़ गए थे, तब लीला भला कौन देखता? कमाई उतरती जा रही थी और मुसीबतें लदती जा रही थीं। देश के सारे गरीब द्वितीय विश्व युद्ध की कीमत चुका रहे थे। इस बीच चुपचाप बीमार पिता ने अलविदा कह दिया, तो गांव लौटना पड़ा। पिता पट्टचित्र बनाकर बेचते थे, मृदंग बजाते थे, मगर युद्ध के समय न चित्र बिक रहे थे और न कोई मृदंग पर कान दे रहा था। जगन्नाथ धाम के निकट स्थित गांव रघुराजपुर का हर गरीब लाचार था। बस महंगाई थी, न काम, न धन, न भोजन। जो वयस्क और स्वस्थ थे, उन्हें ठेकेदार प्रतिदिन 15 से 20 पैसे में काम पर ले जाते थे। उस किशोर के बड़े भाई ने एक दिन कहा, 'बाकी लोग जैसे पान पत्ते के खेत में काम कर रहे हैं, वैसे ही तुम भी शुरू करो, कम से कम रोज भोजन तो मिल ही जाएगा'। तब किशोर के पास दूसरा कोई उपाय न था, वह पान के खेत में मजदूरी के लिए उतर गया। मन भारी था कि लीला, जात्रा, नृत्य, सब पीछे छूट गए। उसे लगा कि दुख के दिन अब नहीं जाएंगे, ऐसे ही गुजारा करना होगा। सामान्य पृष्ठभूमि के पिता बार-बार कहते थे कि मेरा और देश का नाम खराब मत करना। पता नहीं, वह ऐसा क्यों कहते थे, पर नाम बचाने के चक्कर में वह किशोर जो भी करता था, पूरे मन से करता था। उसने पान के खेत में भी पूरे मन से काम करना शुरू कर दिया। हमेशा छाया में रहने वाली पान की लताएं बहुत नाजुक थीं। बड़ी नजाकत से पान के खेत में जाना, रुकना और काम करना पड़ता था। खेत में कुछ ओड़िया शब्द बहुत लुभाने लगे। एक शब्द था 'कान्न छिंदा' मतलब लताओं को सहारा देने वाले बांस को बदलना। 'ना अला' मतलब लताओं को धीरे से थामकर झुकाना। 'गोड़ बंधा' मतलब नीचे बिखरती लताओं को बांस पर आहिस्ते लपेटते चढ़ाना। 'कुटा बच्छा' मतलब जमीन साफकरना। 'पेटी बंधा' मतलब लताओं के मध्य भाग को बांस से बांधना। अंतत पान पत्ते को अंगूठे व तर्जनी से गोल घुमाते धीरे से तोड़ लेना और ऐसे रखना कि पत्ते को खरोच न आए।

उस किशोर के पैर, शरीर और उंगलियां जब पान के खेत में चलती थीं, तो लगता था कि नृत्य की मुद्राएं बन रही हों। पान के बाड़े में प्रवेश करते, लताओं की कोमलता को करीब से निहारते हुए एहसास होने लगा कि नृत्य तो हर कार्य में है। नृत्य बाहर ही नहीं है, नृत्य अंदर भी है। जो अंदर है, वही बाहर आकर असली है। पान खेत में लोग काम नहीं, नृत्य ही कर रहे हैं। उस किशोर ने अपनी चारों तरफ देखा, हर कोई लय में था, पवन, प्रकाश, पानी से फूल-पत्ती, तितली, पंछी तक।

सब कुछ जगन्नाथ महाप्रभु ने रचा है। उनका रचा धरती का कतरा-कतरा स्नेह और लय में आभार जता रहा है। वह भाव-विभोर हो उठा और उसने फैसला किया कि जीवन नृत्य को अर्पित कर देना है, पेट भरने के लिए खेत में काम से जीवन सार्थक नहीं होगा। कला व नृत्य के लिए मन में ज्वार-सा उठा और वह गांव से कटक निकल आया। एक कला गुरु के केंद्र में सात रुपये महीना की नौकरी लग गई। फिर गांव लौटने की जरूरत नहीं रही। कलाकार ने दस साल फिर नृत्य में खुद को डुबो दिया और ओड़िसी नृत्य को संवारकर दुनिया के सामने ले आए। पूरी कला दुनिया को पता चल गया कि केलुचरण महापात्रा के लिए नृत्य आराधना है। सम्मान-पुरस्कार की खूब बारिश हुई। बड़ी संख्या में उन्होंने देश-दुनिया को ओड़िसी नर्तक दिए। धीर समीरे यमुना तीरे में जब वह नृत्य करते थे, तब कृष्ण बन जाते थे, राधा के लिए आसन तैयार करते हुए कोमल से कोमल पत्तियों को चुन-चुन प्यार से तोड़ते थे। पुष्प तोड़ने-सहेजने की मुद्रा बनाते थे, तो लगता था कि पान के खेत में पहुंच गए हैं। गुरुजी ने जो घर बनाया, वहां भी बांस का छज्जा रखा, जिन पर करीने से लताओं को बांसों पर चढ़ने दिया। उनका घर मानो परिकथा का छायादार बाग था, पर 8 जनवरी, 1926 को जन्मे केलुचरण के लिए वह मंदिर था, जहां ईश्वर बसते थे और उन्हीं के चरणों में तमाम नृत्य-गीत अर्पित था। वह अक्सर कहते थे - ओड़िसी लोगोंका मनोरंजन करने के लिए नहीं, बल्कि प्रेरित करने और ऊंचा उठाने के लिए एक नृत्य रूप है। मैं वास्तव में नृत्य नहीं करता, बल्कि करुणा से प्रार्थना करता हूं और दर्शक कहते हैं, देखो, यह नृत्य कर रहा है।

**प्रस्तुति ज्ञानेश उपाध्याय**

# मेरा सौदा ऐसे हुआ, जैसे मैं कोई भेड़-बकरी थी

हादिजाटो मनि, मानवाधिकार कार्यकर्ता

हमारे इतिहास का एक कालखंड 'गुलाम वंश' के नाम रहा है। उसके बाद भी हम तकरीबन दो सौ वर्ष तक अंग्रेजों के गुलाम रहे। चूंकि उनसे आजाद हुए भी 75 साल बीत चुके हैं और गुलामी का दंश भोगने वाले हमारे ज्यादातर पुरखे इस दुनिया को अलविदा कह गए या उनकी स्मृतियां अब उनका साथ छोड़ने लगी हैं, तब हम इसकी पीड़ा की सघनता शायद समझ नहीं सकते। वैसे भी, अनुभूति और समानुभूति में वेग का, तीक्ष्णता का, गहराई का बड़ा फर्क होता है। ऐसे में, जब नाइजर की हादिजाटो मनी अपनी दास्तान सुनाती हैं, तो सचमुच रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

कभी फ्रांस का उपनिवेश रहा नाइजर दुनिया के सबसे पिछड़े और हिंसाग्रस्त मुल्कों में से एक है। हादिजा यहीं 1984 में पैदा हुईं। नाइजर एक ऐसा मुल्क है, जहां इस वैज्ञानिक सदी में कदम रखने के बाद भी इंसानों के खरीदे-बेचे जाने की रवायतें जारी रहीं। अब जहां गरीबों की खरीद-फरोख्त होती हो, वहां शिक्षा का क्या हाल होगा, आप समझ सकते हैं। गुलामों को कहीं पढ़ने की इजाजत नहीं होती, क्योंकि उनके बागी होने का खतरा प्रभुवर्ग उठा नहीं सकता। साल 1996 की बात है। एक गुलाम मां की बेटी हादिजा तब महज 12 साल की थीं। 'वहाया-प्रथा' के तहत महज 500 डॉलर में उन्हें इलाके के सरदार को बेच दिया गया। मुल्क के आईन के मुताबिक, वहां चार पत्नियां रखने की इजाजत थी और उसके बाद की शादियों के लिए इसी प्रथा का सहारा लिया जाता था, लेकिन वास्तव में यह यौन तस्करी और गुलामों की खरीद-फरोख्त का रास्ता था। हादिजा को जिस मुखिया ने खरीदा, वह साठ साल से अधिक उम्र का था, जिसकी पहले से पांच बीवियां थीं। चार वैध व एक वहाया-प्रथा से। पांचवीं औरत को वह सदका-प्रथा के तहत किसी को भेंट भी कर चुका था।

> हादिजा कई बार नाइजीरिया से भागकर नाइजर पहुंचीं, लेकिन हर बार पकड़ ली गईं और पहले से अधिक दमन उनके हिस्से आया। पति के जुल्म की इंतिहा देखकर कभी-कभी पड़ोसी उन्हें बख्श देने की बात कहते, तो वह एक ही दलील देता कि उसने हादिजा को खरीदा है।



नाइजर में खरीदी गई हादिजा को सीमावर्ती देश नाइजीरिया ले जाया गया, जहां उन पर जुल्म के पहाड़ तोड़े गए। उनके साथ लगातार बलात्कार किया जाता, खेत और घर में तरह-तरह के काम कराए जाते, पर कभी भर पेट खाना नहीं नसीब होता। बात-बात पर तथाकथित पति उन्हें अपमानित करता और मारा-पीटा करता। हादिजा कई बार नाइजीरिया से भागकर नाइजर पहुंचीं, लेकिन हर बार पकड़ ली गईं और पहले से अधिक दमन उनके हिस्से आया। पति के जुल्म की इंतिहा देखकर कभी-कभी पड़ोसी उन्हें बख्श देने की बात कहते, तो वह एक ही दलील देता कि उसने हादिजा को खरीदा है और उसके साथ कुछ भी कर सकता है।

साल 2003 में हादिजा जैसी हजारों नाइजर लड़कियों की जिंदगी में जैसे किसी नए सूरज का उदय हुआ। मानवाधिकारों के प्रति दुनिया की बढ़ती संवेदनशीलता और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के दबाव में नाइजर सरकार ने वहाया-प्रथा को आपराधिक कृत्य करार देते हुए इसके लिए सजा की तजवीज की। वास्तव में, दास-प्रथा तो पिछली सदी में ही कागजों पर खत्म हो गई थी, लेकिन व्यवहार में वह 2003 तक लागू रही। फिर 2005 में वह दिन भी आया, जब हादिजा को गुलामी से आजादी का प्रमाणपत्र मिला और वह अपनी मर्जी की जिंदगी जीने की हकदार बनीं।

अपने दो बच्चों और खुद जैसी दो अन्य पीड़ित औरतों के साथ हादिजा नौ साल बाद उस कैदखाने से निकल आईं। स्वाभाविक ही वह बहुत खुश थीं। 21 की दहलीज पर खड़ी स्त्री के लिए यह नए सिरे से सपने बुनने का समय था। उन्होंने एक इंतिखाब किया और उस व्यक्ति के साथ निकाह कर लिया। मगर पहले पति ने यह कहते हुए उन्हें अदालत में घसीट लिया कि हादिजा अब भी उनके निकाह में हैं। अदालत ने उन्हें दोषी मानते हुए छह महीने कैद की सजा सुनाई।

सजा मुकम्मल होने के बाद हादिजा चाहतीं, तो खामोशी से खुदमुख्तार जिंदगी जी सकती थीं, मगर उन्हें लगा कि यह नाइंसाफी है और यह फैसला जुल्म की सतायी हजारों दीगर बच्चियों पर भी असरंदाज होगा। इसलिए उन्होंने ब्रिटिश एनजीओ 'एंटी स्लेवरी इंटरनेशनल' के साथ मिलकर नाइजर सरकार के खिलाफ 'द इकोनॉमिक कम्युनिटी ऑफ वेस्ट अफ्रीकन स्टेट्स' की अदालत में मुकदमा दर्ज कर दिया। साल 2009 में अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए हादिजा को हक पर करार दिया। अदालत ने साफकहा कि नाइजर सरकार ने हादिजा को गुलाम बनाने वाले शख्स के खिलाफ कार्रवाई न करके न सिर्फ अपने ही गुलामी-प्रथा विरोधी कानून का उल्लंघन किया, बल्कि वह उनके संरक्षण की वैधानिक जिम्मेदारी निभाने में भी नाकाम रही।

इस कानूनी जीत ने न सिर्फ उन्हें देश-दुनिया में सुर्खरू कर दिया, बल्कि बतौर मुआवजा उन्हें नाइजर हुकूमत से 20 हजार डॉलर भी मिले। इस फैसले के बाद नाइजर सरकार भी गुलामी-प्रथा के खिलाफ अधिक सजग हुई है। हादिजा के इस साहस को पूरी दुनिया ने सलाम किया। वर्ष 2009 में प्रतिष्ठित टाइम मैगजीन ने उन्हें साल की 100 प्रतिभाशाली शख्सीयतों में शामिल किया, तो अमेरिकी सरकार ने उसी वर्ष उन्हें 'वुमन ऑफकरेज अवॉर्ड' से नवाजा। उन्हें सम्मानित करने के लिए अमेरिका की प्रथम महिला मिशेल ओबामा और विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन एक साथ मंच पर मौजूद थीं।

हादिजा तभी से नाइजर में गुलामी-प्रथा और महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ अलख जगाए हुए हैं। उन्होंने अनेक पीड़ित महिलाओं को इंसाफ दिलाया है। इसी दिसंबर में बीबीसी ने हादिजा को दुनिया की 100 प्रभावशाली महिलाओं में गिना है। 21वीं सदी के जिस मोड़ पर हम आज खड़े हैं, वहां किसी को एक चांटा मारने पर भी उसके मानवाधिकार के हनन का वाजिब सवाल उठाया जाने लगा है, मगर इंसानी दुनिया के कई कोने अभी भी इस मामले में घुप्प अंधेरे में हैं और उन्हें हादिजा जैसों की शिद्दत से तलाश है!

**प्रस्तुति चंद्रकांत सिंह**

# आर्थिक तर्क के अनुरूप

छोटी अर्थव्यवस्था वाले देशों में आम प्रवृत्ति अपने पास-पड़ोस के बड़े देश से आर्थिक संबंध मजबूत करने की रहती है। यह सामान्य आर्थिक सिद्धांत इस वर्ष एशिया में व्यवहार में आता नजर आया। इसका फायदा चीन को मिला।

एक अमेरिकी अखबार के विश्लेषण के मुताबिक बीते साल अंतरराष्ट्रीय व्यापार के क्षेत्र में चीन को अलग-थलग करने की अमेरिकी रणनीति एशिया में कामयाब नहीं हुई। अमेरिका ने अपने सहयोगी एशियाई देशों से चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता घटाने को कहा था। लेकिन असल में गुजरे वर्ष ज्यादातर एशियाई देशों के चीन के साथ आर्थिक संबंध और मजबूत हो गए। अब अमेरिकी अर्थशास्त्री इस पर विचार कर रहे हैं कि ऐसा क्यों हुआ। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल से अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि छोटी अर्थव्यवस्था वाले देशों में आम प्रवृत्ति अपने पास-पड़ोस के बड़े देश से आर्थिक संबंध मजबूत करने की रहती है। यह सामान्य आर्थिक सिद्धांत इस वर्ष एशिया में व्यवहार में आता नजर आया। नतीजतन, चीन एशियाई देशों के लिए अपेक्षाकृत सस्ती दर पर मशीनरी, कार आदि जैसे उत्पादों का प्रमुख सप्लायर बना रहा। इससे एशियाई देशों के साथ व्यापार बढ़ने की चीन की नई रणनीति कामयाब होती नजर आई। पश्चिमी देशों से संबंध तनावपूर्ण होने के कारण चीन ने ये रणनीति अपनाई है, जिसके तहत वह आसपास के देशों से कारोबार बढ़ाने पर खास जोर डाल रहा है। उधर अमेरिका की अपनी नीतियां उसे उलट दिशा में ले गई हैं। उसने घरेलू राजनीति की प्रतिस्पर्धा के कारण मुक्त व्यापार समझौतों से अपने को अलग किया। अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि जब तक अमेरिका मुक्त व्यापार समझौतों के प्रति अपनी नीति बदल कर एशियाई देशों की पहुंच अपने विशाल उत्पादन और उपभोक्ता बाजार तक नहीं बनाने देगा, चीन के प्रभाव को कम करने की उसकी रणनीति कामयाब नहीं होगी। स्थिति यह है कि दुनिया में बनते नए हालात के कारण कई देशों ने खुद को मैनुफैक्चरिंग केंद्र बनाने की पहल की है। लेकिन इससे चीन के कारोबार पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। इन देशों ने जिन चीजों के उत्पादन के कारखाने लगे हैं, उनके लिए भी पाट-पुर्जे अक्सर चीन से मंगवाए गए हैं। इसकी मिसाल भारत भी है, जो स्मार्टफोन उत्पादन के एक बड़े केंद्र के रूप में उभर रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि यहां बनने वाले स्मार्टफोन में भी चीन से आने वाले पुर्जों और बेसिक मैटेरियल्स का इस्तेमाल हो रहा है।



स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़






# राजिम भक्तिन माता के सन्देश को जीवन में उतारने की जरूरत : भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज छत्तीसगढ़ के त्रिवेणी संगम राजिम में आयोजित राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महोत्सव स्थल पर भगवान श्री राम जी की भव्य एवं विशाल मूर्ति का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने समाज के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधियों के साथ श्री राजीव लोचन भगवान एवं मंदिर परिसर में विराजित राजिम भक्तिन माता की महाआरती व पूजा अर्चना कर राज्य और समाज की खुशहाली की कामना की।



मुख्यमंत्री ने महोत्सव स्थल पर राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि साहू समाज एक प्रगतिशील समाज है, हम सबको राजिम भक्तिन माता एवं माता कर्मा के बताए संदेशों का अनुसरण करना होगा। उन्होंने प्रदेशवासियों को राजिम माता भक्ति जयंती की बधाई दी और कहा कि राजिम माता ने जिस साहू समाज को अपनी मेहनत और त्याग से संगठित किया, आज वह समाज शिक्षा, कृषि व व्यवसाय सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है और दूसरे समाज भी उनका अनुसरण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसा प्रयागराज का महत्त्व है, उसी तरह छत्तीसगढ़ के लिए राजिम का भी महत्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजिम को व्यवस्थित रूप में बसाने की आवश्यकता है, राज्य सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। नवीन मेला स्थल की आवश्यकता को देखते हुए 54 एकड़ जमीन में इसे विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब साधु संत, श्रद्धालुओं सबके लिए यहां आवास एवं अन्य व्यवस्थाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलघानी बोर्ड के गठन से यहां तेल के व्यवसाय को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आजीविका के लिए अनेकों कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि प्राइमरी स्कूल के विकास के लिए एक हजार करोड़ रुपए और आईटीआई के लिए 12 सौ करोड़ रुपए की धनराशि का अनुमोदन किया गया है।

राज्य की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय त्यौहारों में अवकाश दिया गया है। छत्तीसगढ़िया संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अवसर पर गृह, जेल एवं लोक निर्माण मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने राजिम भक्तिन माता की जयंती एवं नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि साहू समाज एक संगठित समाज के रूप में जाना जाता है। यह समाज अन्य समाज को भी दिशा दे सकता है। आज साहू समाज सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने नवीन मेला स्थल में किये जा रहे विकास कार्यों की प्रगति के सम्बंध में जानकारी दी।

# राजनैतिक लाभ लेने अमित शाह ने गलत बयानी कर छत्तीसगढ़ का अपमान किया -कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह कोरबा में दिये गये भाषण में गलत बयानी कर छत्तीसगढ़ की माताओं बहनों का अपमान किया है। अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बलात्कार के मामले बढ़े है जबकि खुद उनके विभाग से जारी एनसीआरबी के आंकड़े बताते है छत्तीसगढ़ में बलात्कार के मामलों में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद आधा हो गये है। खुद केंद्रीय गृह राज्य मंत्री इस बात को राज्य सरकार मानते है कि छत्तीसगढ़ नक्सल घटनाओं में 80 प्रतिशत की कमी आई है उसके बाद स्वयं केंद्रीय गृहमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर बैठा झूठ कैसे बोल सकता है? (एनसीआरबी के 2018, 19, 20, 21 बलात्कार, नक्सल की रिपोर्ट चार्ट संलग्न) प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अमित शाह कहते है चावल वाले बाबा के कारण छत्तीसगढ़ में चावल मिलना शुरू हुआ लेकिन चाउर वाले बाबा ने गरीबों के चावल में डाका डालकर 36000 करोड़ का नान घोटाला कर दिया था। अमित शाह को अध्ययन करना चाहिये छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद अमीर-गरीब सभी को सस्ता चावल मिलता है। छत्तीसगढ़ में 65 लाख लोगों के राशन कार्ड बने है। छत्तीसगढ़ की जनता भाजपा के भ्रष्टाचार कुशासन के 15 साल भूली नहीं है और लोग मोदी की 9 साल की वायदा खिलाफी को भी नहीं भूले है। जनता क्यों और कैसी फिर से मोदी और भाजपा को वोट दें? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार के चुनावी वायदों पर अमित शाह क्यों चुप रहे? मोदी सरकार को 9 साल पूरे होने को है जनता अभी तक अच्छे दिन के सपने देखते-देखते थक गयी। 2014 लोकसभा चुनाव में मोदी ने प्रदेश में आकर जनता से वादा किया था कि केंद्र में उनकी सरकार बनेगी तो सभी के खाते में 15 -15 लाख रुपए आएंगे। बीते 8 साल से प्रदेश की जनता 15 लाख रुपए खाते में आने का इंतजार कर रही है। किस तारीख को पैसा जनता के खाते में ट्रांसफर होगा? दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने का वादा था 8 साल में प्रदेश के 43 लाख युवाओं को रोजगार मिलना था जो अब तक केंद्र सरकार ने नहीं दिया है। वह रोजगार प्रदेश के युवाओं को कब मिलेगा तारीख बताने की कृपा करें? 100 दिन में महंगाई कम करने का वादा किया गया था आज हालात यह है कि मोदी सरकार के गलत नीतियों के चलते बढ़ती महंगाई से जनता हताश और परेशान हैं। महंगाई से जनता को राहत किस तारीख को मिलेगी यह बता दें? 2022 भी निकल चुका है लेकिन किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई है?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अमित शाह बताएं जनता मोदी पर क्यों भरोसा करें? पेट्रोल-डीजल पर मनमाना एक्साइज ड्यूटी लिया जा रहा है रसोई गैस के दाम जो कांग्रेस शासनकाल में 410रु था आज 1200रु के करीब जनता खरीदने मजबूर है 16 करोड़ हाथों को रोजगार मिलना दूर की बात 23 करोड़ हाथों से रोजगार छीना गया है।

## खास खबर

### छत्तीसगढ़ की झांकी को गणतंत्र दिवस में नही शामिल करना राज्य का अपमान - कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से मोदी सरकार छत्तीसगढ़ के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है और उसी चरण में गणतंत्र दिवस को होने वाले परेड में छत्तीसगढ़ की झांकी को शामिल नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ की झांकी नही शामिल करने पर मोदी सरकार का दोहरा रवैय्या सामने आया है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ की झांकी गौण अन्न से उत्पादित वस्तुओ और छत्तीसगढ़ के मिलेट मिशन के आधार पर बनाई गयी। जबकि केन्द्र इस वर्ष खुद मिलेट वर्ष मना रही है। छत्तीसगढ़ सरकार गौण अन्न पर जो बेहतर काम कर रही वह देश दुनिया के सामने नहीं आ पाये इसलिये झांकी को ही नही शामिल होने दिया। कांग्रेस सरकार के प्रति दुर्भावना के कारण छत्तीसगढ़ की सभ्यता और संस्कृति की झलक इस बार राजपथ पर दिखाई नहीं देगी। इस प्रकार की हरकत मोदी सरकार द्वारा पहली बार नहीं की गई है, कांग्रेस सरकार द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्ययोजनाओं और छत्तीसगढ़ मॉडल की ख्याति देखकर कुंठाग्रस्त मोदी सरकार लगातार छत्तीसगढ़ के प्रति भेदभाव पूर्ण रवैया बनाए हुए है। मोदी सरकार बार-बार संघी ढांचे पर प्रहार कर भूपेश सरकार के कामों में अड़चन डालने का प्रयास करती रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा की जब भूपेश सरकार ने किसानों को 2500 रु समर्थन मूल्य देने की बात कही तब मोदी सरकार ने सेंट्रल पूल में चावल लेने से मना कर दिया, धान खरीदी के समय केंद्र सरकार बारदाने की आपूर्ति रोक देती है, मोदी सरकार छत्तीसगढ़ के हक् के जीएसटी छतिपूर्ति और कोयला रायल्टी जैसे विभिन्न मदों के 55000 करोड रुपए दबा कर बैठी हुई है, हाल ही में मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ के गरीबों के लिए बनने वाले पीएम आवास के फंड को ही रद्द कर दिया।

# गुड मार्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम में हंसते-मुस्कुराते चेहरों से गुलजार हुई पुष्प वाटिका

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। गुड मार्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम की खुशनुमा सुबह में आज पुष्प वाटिका हंसते-मुस्कुराते चेहरों से गुलजार हुई। कलेक्टर डोमन सिंह की पहल पर आज पुष्प वाटिका में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से आयोजित गुड मार्निंग राजनांदगांव अंतर्गत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बदली हुई फिज़ां में ठंड के बावजूद बच्चे, युवाओं एव बुजुर्गों ने सक्रियतापूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। आर्टिस्टिक रोप स्किपिंग में युवा बच्चों ने ऊर्जा एवं शक्ति से भरपूर बेहतरीन रोप स्किपिंग की, तो वहीं डांस एक्सरसाईज में बच्चे एवं महिलाएं सभी जमकर झूमे।



उल्लास एवं ऊर्जा से भरे युवाओं की टोली ने उत्साहपूर्वक विभिन्न शारीरिक गतिविधियों में भाग लिया। लाफ्टर योग के माध्यम से बच्चों को तनाव मुक्त करने तथा अच्छे स्वास्थ्य के लिए खुश रहने के लिए खूब हंसाया। खेलने-कूदने का लो संकल्प स्वस्थ रहने का है सही विकल्प के साथ सभी ने खूब कसरत की। बचपन की यादों को ताजा करते हुये टेढ़े-मेंढ़े रास्ते पर इरादे हैं, मजबूत के अंतर्गत सबने जिग-जैग दौड़ लगाई। गुड मार्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम के जोश एवं जज्बे का आलम यह रहा कि दिव्यांगजन भी अपनी ट्राइसाकिल में कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे। कोविड-19 संक्रमण के बाद स्वास्थ्य के प्रति सजगता लाने की यह कोशिश रंग ला रही है। शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ ही तनाव को दूर रखने एवं खुश रहने की प्रवृत्ति को विकसित करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कलेक्टर डोमन सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा माह के प्रथम शनिवार स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए लगातार यह आयोजन किया जा रहा है तथा लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। विशेष बात यह है कि जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद मुख्यालय, ग्राम पंचायत मुख्यालय में भी गुड मार्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है और लोग बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम से जुड़ रहे हैं। हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में भी योग एवं प्राणायाम कराया जा रहा है। राजनांदगांव की पहचान हॉकी से है और आज यहां सभी ने हॉकी का खेल भी उत्साह के साथ खेला है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए शारीरिक गतिविधियां खेल तथा योग-प्राणायाम जरूरी है। स्वस्थ एवं तंदुरूस्त रहने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं।

कलेक्टर सिंह के साथ ही सभी ने हॉकी एवं मिलिट्री रोप में हाथ आजमाएं और दम-खम दिखाया। इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा इस अवसर पर स्वास्थ्यवर्धक काढ़े की व्यवस्था की गई थी तथा अंकुरित चना, मूंग तथा फ्ल का नाश्ता दिया गया। जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, एसडीएम अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सरस्वती बंजारे, सहायक खेल ए एक्का, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता, प्रभारी अधिकारी खेल श्रीमती उषा चटर्जी, दिग्विजय स्टेडियम प्रबंधक रणविजय सिंह, डीएमसी सतीश ब्यौहारे, पतंजलि योग के मनोज तिवारी, पुरूषोत्तम साहू अन्य अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे ने विभिन्न खेलों का संचालन किया। कार्यक्रम में रूद्राक्षम वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों की सहभागिता रही तथा आस्था मूकबधिर शाला के बच्चों ने योग एवं प्राणायाम किया।

उल्लेखनीय है कि गुड मॉर्निंग राजनांदगांव का आयोजन माह के प्रथम शनिवार को जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण के तत्वावधान में किया जा रहा है। जिसमें विविध खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में योग-प्राणायाम, कराते, रोप स्कीपिंग, जू-जित्सु, वुशु, टग ऑफ वॉर, स्केटिंग, जिम बॉल, थेरा बैंड, मिलीट्री रोप, एडवांस फिजिकल एक्सरसाईज विथ बोसु बॉल जैसे खेलों के साथ-साथ योग, व्यायाम का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों, सभी ग्राम पंचायतों और सभी हेल्थ वैलनेस सेंटर में भी गुड मॉर्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# धार्मिक अनुष्ठानों में नए इतिहास गढ़ रही है मोखा कि मातृशक्ति महिला संगठन : रंजना साहू



श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** कहा जाता है कि 21वीं सदी महिलाओं की सदी है, और यह कर दिखाया है ग्राम मोखा की मातृशक्ति महिला संगठन ने। अपने गांव के विकास एवं गांव को धर्ममय बनाने के लिए मातृशक्ति ने बीड़ा उठाते हुए समस्त ग्रामवासी के सहयोग से ग्राम मोखा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा का आयोजन करा रही है, जहां पर कथावाचक राजू पाठक जी महाराज के द्वारा विभिन्न कथाओं का वाचन कर रहे हैं, जिसका श्रवण समस्त ग्रामवासी सहित आसपास के समस्त ग्रामवासी प्रतिदिवस कर रहे हैं, इस पावन अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महापुराण में विधायक रंजना डीपेंद्र साहू विभिन्न जनप्रतिनिधि के साथ व्यासपीठ का आशीर्वाद लेकर, ग्राम वासियों के साथ कथा श्रवण का लाभ लिए।

विधायक ने कथा श्रवण करने के उपरांत समस्त मातृशक्तियों को नमन करते हुए कहा कि आज के परिवेश में धार्मिक आयोजन का करना कठिन कार्य है किंतु हमारी मातृशक्ति ने यह कर दिखाया, मुझे यह जानकर खुशी होती है कि हमारी गांव की महिलाएं संगठित होकर समाजिक क्षेत्र के साथ-साथ धार्मिक क्षेत्र में भी आगे बढ़कर महिलाशक्ति की आत्मबल की पहचान को दिखा रही है, जिस अच्छे समय की कल्पना हम कर रहे हैं उस समय के लिए महिलाएं आगे बढ़कर अग्रणी होकर कार्य कर रही है। मातृशक्ति की पहल धर्म के लिए एकजुट होकर श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का आयोजन किया जाना सराहनीय है, मोखा के मातृ शक्ति महिला संगठन धार्मिक अनुष्ठान की पहल समस्त क्षेत्र की मातृशक्ति के लिए प्रेरणा होगी। मंडल अध्यक्ष मुरारी यादव ने श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किए एवं समस्त ग्रामीणों को बधाई दिए और युवाओं को नशेपान से दूर रहने का बात कहा। जिला पंचायत सदस्य दमयंती साहू ने भगवान कृष्ण के बाल लीलाओं का पर अपने विचार रखें।

# डोंगरगांव में विकासखंड स्तरीय बिहान मेला का आयोजन 12 को

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह के निर्देशानुसार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अन्तर्गत डोंगरगांव विकासखंड में महिला स्वसहायता समूहों को प्रोत्साहित करने गुरूवार 12 जनवरी 2023 को सुबह 11 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान मोहड़, डोंगरगांव में विकासखंड स्तरीय बिहान मेला का आयोजन किया जाएगा। बिहान मेला में समूह की महिलाएं एक-दूसरे से अपने अनुभव साझा कर सीखेंगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अमित कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित बिहान मेला का उद्देश्य ग्रामीण स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्री व उत्पादों के विक्रय के लिए सुलभ स्थान उपलब्ध कराना है। मेला के माध्यम से स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों व सामग्री के प्रति लोगों में जागरूकता एवं स्वसहायता समूहों को प्रोत्साहित करना है। जिसके लिए मेला स्थल में विभिन्न प्रकार के उत्पादों के विक्रय के लिए लगभग 40-50 स्टॉल लगाए जाएंगे। मेला में डोंगरगांव विकासखंड अन्तर्गत महिला स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्री व उत्पाद जैसे हल्दी, मिर्ची, धनिया मसाला निर्माण, अगरबत्ती निर्माण, बांस से निर्मित सामग्री, साबुन, निरमा, फिनाईल निर्माण, लड्डू निर्माण, छत्तीसगढ़ी व्यंजन, रेडीमेड कपड़ा, हॉटल, चाट-गुपचुप ठेला एवं गौठान के सामुदायिक बाड़ी में उत्पादित सब्जियां एवं विभिन्न प्रकार के मशीनों की प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाने बैठक

**नारायणपुर।** जिला मुख्यालय के डीएनके कॉलोनी कालीबाड़ी में आज बंग समाज के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई जिसमे के डीएनके कालोनी,बंगलापारा, बखरूपारा, छोटेडोंगर, आश्रम, धौड़ाई सेक्टर समेत पूरे जिले भर के बंगबंधु सम्मलित हुए, और पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई जिसमें 23 जनवरी को प्रातः सुभाष चौक में जिले भर से बंगबंधु एकत्रित होंगे तथा नेताजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित करते हुए, राष्ट्रगीत गाया जाएगा, ततपश्चात सैंकड़ो की संख्या में बंग बन्धुओ की प्रभात फेरी निकाली जाएगी, मिष्ठान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा।









खास खबर...

## सालेम इंग्लिश स्कूल में तीन दिवसीय क्रीड़ा महोत्सव का समापन

**रायपुर (ए)।** राजधानी के सालेम इंग्लिश स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सीडीबीई के चेयरमैन अजय उमेश जेम्स, सुनील मार्टिर्न मौजूद रहे। इस अवसर पर कक्षा नौवीं और 11वी के छात्रों ने भंगड़ा नृत्य प्रस्तुत किए इसके आलावा कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की राजगीत की भी प्रस्तुति दी गई। इसी प्रकार से कार्यक्रम में कई तरह के आयोजन किये गए जो दर्शको का खूब मन लोभाया इस कार्यक्रम का निर्देशन शिक्षिका कुमारी रुपाली यादव ने किया।

### कार्यक्रम में खेल कूद का भी किया गया आयोजन

इस कार्यक्रम में सीनियर छात्राओं के लिए 400 मीटर के दौर का आयोजन किया गया जिसमे सभी छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके बाद कार्यक्रम में मार्च पास्ट पुरुस्कार, बेस्ट हाउस डेकोरेशन ग्रीन हाउस पुरुस्कार, बेस्ट एथिलीट सीनियर बॉयज समेत कई तरह के पुरुस्कार वितरित किये गए। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसपल वीके सिंह ने खेल के प्रति बच्चों का हौसला वर्धन किया। पुरे कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका जूलियन अराथून, संस्कृति सिंह ने किया, इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र- छात्राएं समेत कई लोग मौजूद रहे।

# आज हमें प्रकृति के साथ जुड़ने की सबसे ज्यादा जरूरतः भूपेश बघेल

### मुख्यमंत्री ने राजधानी के गांधी-नेहरू उद्यान में आयोजित पुष्प, फल, सब्जी प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि आज हमें प्रकृति से जुड़ने की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। वैश्विक महामारी कोरोना को याद करते हुए उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में कोरोना वायरस से लोग ज्यादा प्रभावित हुए, वहीं प्रकृति से जुड़े हुए लोगों पर कोरोना का प्रभाव कम पड़ा। कोरोना से उबरने के पश्चात अब लोग स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा सजग हुए हैं।



मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के गांधी-नेहरू उद्यान में आयोजित तीन दिवसीय पुष्प, फल, सब्जी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी के विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। प्रदर्शनी के विभिन्न स्टालों में रंग-बिरंगे पुष्प, फल, सब्जी एवं औषधीय पौधों की मनोहारी प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी का आयोजन 'प्रकृति की ओर सोसाइटी रायपुर' द्वारा किया गया है। उद्यनिकी विभाग, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, रायपुर नगर निगम के सहयोग से किया गया है।

मुख्यमंत्री ने इस प्रतियोगिता के आयोजकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप लोगों की वर्षों की मेहनत का इस प्रदर्शनी में सुखद अनुभव हो रहा है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से प्रकृति प्रेमियों के लिए जानने और समझने की बहुत सी नई चीजें हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात कहा कि इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित 48 साल पुराने बरगद सहित 5 से 50 वर्ष तक के आयु के विभिन्न प्रजातियों के वृक्षों और पौधों के बोनसाई, आंवले, नींबू, साग-सब्जियों की प्रदर्शित विभिन्न प्रजातियों की विशेष रूप से सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि थोड़ी मेहनत कर अपने घर के छतों पर भी घर के लिए उपयोगी फल-सब्जियां आदि उपजा सकते हैं। खुद के उत्पादन का आनंद ही अलग है, उस से विशेष लगाव रहता है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बड़े उद्यान वर्ग में मेघना जैन ताड़ेला, मंझोले उद्यान वर्ग में स्वाति शुक्ला, छोटे उद्याग वर्ग में अल्का भार्गव, टेरेस उद्यान वर्ग में भारती भास्कर, सर्वश्रेष्ठ उद्यान के लिए विवेक गौतम को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कृष्णा पब्लिक स्कूल की वार्षिक पुस्तिका का भी विमोचन किया। कला साधना संस्थान की संचालिका दिव्यांग सुश्री साधना ढांड ने मुख्यमंत्री को उनका स्केच भेंटकर सौजन्य चर्चा की। प्रदर्शनी में औषधीय पादप बोर्ड द्वारा भी औषधियों पौधों का प्रदर्शन भी किया गया है।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, मुख्यमंत्री के कृषि सलाहकार प्रदीप शर्मा भी उपस्थित थे। स्वागत भाषण प्रकृति की ओर सोसायटी के अध्यक्ष दलजीत बग्गा ने दिया। मुख्यमंत्री ने इस प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता के आयोजकों तथा निर्णायकों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

## रायपुर में पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए 12 तारीख से मिलेगी टिकट ऑनलाइन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर (ए)।** नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडीयम में होने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए टिकटों की बिक्री 12 जनवरी से ऑनलाइन शुरू हो जाएगी। भारत न्यूजीलेंड के बीच होने वाले इस क्रिकेट मैच की तैयारियां पूरी तेजी से की जा रही है। आज स्टेडियम में छतीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे और एसएसपी प्रशांत अग्रवाल के साथ बैठक की। इस बैठक में सुरक्षा के साथ दर्शकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखते हुए सभी तैयारियां समय पर पूरी करने पर अधिकारियों का विशेष ज़ोर रहा। कलेक्टर ने क्रिकेट संघ के प्रतिनिधियों को मैच के लिए शहर में भी पर्याप्त संख्या में टिकिट काउंटर बनाने का सुझाव दिया। बैठक में छतीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया, ज़िला पंचायत के सीईओ आकाश छिकारा सहित कई अधिकारी भी मौजूद रहे।

बैठक में पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। स्टेडियम में उपलब्ध संसाधनों और जिला प्रशासन से अपेक्षित सहयोग पर क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों ने बात की। स्टेडियम की साफ सफाई, कुर्सियों की मरम्मत से लेकर वालंटियर्स और सुरक्षा आदि पर चर्चा की गई। मैच के दौरान सभी एंट्री गेटों पर अग्निशमन और मेडिकल स्टाफ के साथ एम्बुलेंस की व्यवस्था रहेगी। स्टेडियम की फ्लड लाइटस में भी हेलोजन बल्ब की जगह एलईडी लगा दो गई है।

मैच के दौरान स्टेडियम परिसर के आसपास पार्किंग व्यवस्था के लिए जरूरी तैयारियों पर भी बैठक में बात हुई। पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त लाईट आदि के साथ सुरक्षा के इंतजाम, स्टेडियम परिसर में सफाई व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में सफाई मित्र और अन्य जरूरी मशीन तथा उपकरणों की व्यवस्था, पार्किंग स्थलों के समतलीकरण, विभिन्न रास्तों से आने वाले लोगो और स्टेडियम में दर्शकों की सुविधा के लिए जगह-जगह स्पष्ट साईनेज आदि लगाने पर भी बैठक में चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री की घोषणा पर त्वरित अमल

## श्रमिक सियान सहायता के तहत अब 20 हजार की राशि मिलेगी एक मुश्त

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नववर्ष पर रायपुर के गांधी मैदान में श्रम विभाग द्वारा संचालित शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के हितग्राही श्रमिकों सें भेंट की थी। इस अवसर पर उन्होंने सियान श्रमिकों को मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत एक मुश्त दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि को दस हजार रूपए से बढ़ाकर बीस हजार रूपए करने की घोषणा की थी। श्रम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा के अनुरूप अधिसूचना जारी कर मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना की राशि में वृद्धि कर दी है।

श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में संचालित पंजीकृत निर्माण श्रमिकों हेतु 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके निर्माण श्रमिकों की मंडल की सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाती है, ऐसे निर्माण श्रमिक जो मंडल की सदस्यता से निवृत होने वाले है, उन्हें सदस्यता से निवृत होने के पूर्व बेहतर जीवन यापन के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत एक मुश्त राशि प्रदान की जाती है। योजना के तहत निर्माण श्रमिक के रूप में कम से कम विगत तीन वर्ष से मंडल में पंजीकृत होना चाहिए तथा निर्माण श्रमिक की न्यूनतम आयु 59 वर्ष एवं अधिकतम 60 वर्ष होना चाहिए। श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र श्रमिक आवेदन श्रम विभाग के विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन प्रारंभ किया गया है। श्रमिक स्वयं ऑनलाइन के माध्यम से या श्रमेव जयते मोबाईल एवं संबंधित जिले के श्रम कार्यालय में या किसी भी लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

## वनों के संरक्षण, संवर्धन और विकास में विभाग और इसके अमले का होता है महत्वपूर्ण योगदानः मंत्री अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने राजधानी के शंकर नगर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित स्टार अंलकरण कार्यक्रम में उप वन क्षेत्रपाल से वन क्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नत हुए 66 अधिकारियों को अलंकृत कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस दौरान विभाग में नवनियुक्त 08 प्रशिक्षु वन क्षेत्रपालों को प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री संजय शुक्ला, और छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के सदस्य कन्हैया अग्रवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



वन मंत्री अकबर ने स्टार अलंकरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ वन सम्पदा के मामले में एक समृद्ध राज्य है। वनों के संरक्षण तथा संवर्धन और विकास में विभाग और इसके अमले का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसके मद्देनजर हमारी सरकार द्वारा राज्य में विगत चार वर्षों के दौरान विभाग के साथ ही यहां कार्यरत अमले के हित में भी अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसके तहत विभाग में अधिकारियों और कर्मचारियों के पदोन्नति आदि कार्य नियमित क्रम में लगातार हो रहे है। इस तरह सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है।

वन मंत्री अकबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अपनी कार्य कुशलता और शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के फलस्वरूप वर्तमान में वन विभाग की छवि को एक बेहतर स्वरूप मिला है। वन विभाग में विगत चार वर्षों के दौरान सिर्फ वनों के संरक्षण तथा संवर्धन को ही बढ़ावा नहीं मिला है, बल्कि यहां वनवासियों की उन्नति की दिशा में भी निरंतर कार्य हो रहे है। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ लघु वनोपजों के संग्रहण तथा प्रसंस्करण आदि कार्यों में देश में लगातार अव्वल बना हुआ है। वन मंत्री अकबर ने इस दौरान हाथी प्रभावित क्षेत्रों में उनके मार्ग पर लोगों को आवाजाही के लिए मनाही करने और जनजागरूकता लाने पर विभाग को विशेष रूप से जोर दिया। कार्यक्रम को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख शुक्ला ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कौशलेन्द्र कुमार, प्रेमकुमार, अरूण पांडे, मुख्य वन संरक्षक जे.आर.नायक, आर.के.पांडे, संयुक्त सचिव वन देवेन्द्र भारद्वाज तथा वन मण्डलाधिकारी विश्वेश झा और राज्य वन सेवा संघ, रेंजर एसोसिएशन, वन कर्मचारी संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद प्रदेश में 1.97 लाख मतदाता बढ़े

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद पंजीकृत मतदाताओं की संख्या में एक लाख 97 हजार 490 की वृद्धि हुई है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद 1 जनवरी 2023 की स्थिति में 5 जनवरी को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया गया है। इसके अनुसार प्रदेश में अभी पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या एक करोड़ 94 लाख 54 हजार नौ है। इनमें 97 लाख 27 हजार 594 पुरूष मतदाता और 97 लाख 26 हजार 415 महिला मतदाता हैं। प्रदेश में एक लाख 46 हजार 981 दिव्यांग एवं 811 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

प्रदेश का लिंगानुपात निर्वाचक नामावलियों के 9 नवम्बर 2022 को प्रारंभिक प्रकाशन के समय 999 था, जो कि 5 जनवरी 2023 को अंतिम प्रकाशन की स्थिति में 1000 हो गया है। प्रारंभिक प्रकाशन के समय प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या एक करोड़ 92 लाख 56 हजार 064 थी, जिनमें 96 लाख 30 हजार 671 पुरूष मतदाता एवं 96 लाख 25 हजार 393 महिला मतदाता शामिल थीं। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान पांच लाख 74 हजार 060 नए मतदाताओं के नाम फार्म-6 के माध्यम से जोड़े गए हैं, जबकि तीन लाख 76 हजार 570 नामों को फार्म-7 के आधार पर नियमानुसार विलोपित किया गया है। इस प्रकार प्रदेश में मतदाताओं की संख्या में एक लाख 97 हजार 490 की बढ़ोतरी हुई है।



फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद राज्य में ईपी रेशियो 64.46 प्रतिशत हो गया है। निर्वाचक नामावलियों के प्रारंभिक प्रकाशन के समय यह 60.37 प्रतिशत था जो कि राज्य की प्रोजेक्टेड आबादी तीन करोड़ 18 लाख 97 हजार 303 के आधार पर थी। वर्ष 2023 के लिए छत्तीसगढ़ की प्रोजेक्टेड आबादी तीन करोड़ एक लाख 80 हजार निर्धारित की गई है। प्रोजेक्टेड जनसंख्या के पुनर्निर्धारण के बाद अब राज्य का ईपी रेशियो निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन के बाद 64.46 प्रतिशत हो गया है।

प्रदेश की प्रोजेक्टेड आबादी तीन करोड़ एक लाख 80 हजार में 18 वर्ष से अधिक के लोगों की संख्या दो करोड़ 81 हजार 174 है। निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन में राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या एक करोड़ 94 लाख 54 हजार नौ है, जो कि प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक की कुल जनसंख्या का 96.88 प्रतिशत है। राज्य में 18-19 वर्ष आयु समूह में प्रोजेक्टेड जनसंख्या पांच लाख आठ हजार 753 के विरूद्ध तीन लाख नौ हजार 464 मतदाता पंजीकृत हैं। प्रारंभिक प्रकाशन में 18-19 वर्ष आयु वर्ग के कुल 94 हजार 435 मतदाता थे। इस प्रकार इस आयु वर्ग में दो लाख 15 हजार 029 नए मतदाताओं का पंजीयन हुआ है। प्रदेश में 20-29 वर्ष आयु वर्ग की प्रोजेक्टेड आबादी 48 लाख 31 हजार 663 के विरूद्ध 42 लाख 86 हजार 538 मतदाता पंजीकृत हैं।

निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 में कुल 76 मतदान केन्द्रों की वृद्धि हुई है। इस प्रकार अब राज्य में कुल 23 हजार 907 मतदान केन्द्र एवं 18 हजार 859 मतदान केन्द्र लोकेशन्स हैं। प्रदेश में सर्विस वोटर्स की संख्या 19 हजार 849 दर्ज की गई है। इस बार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में 17 वर्ष से अधिक के युवाओं के अधिक से अधिक पंजीयन कराने के लिए राज्य के सभी हायर सेकण्डरी स्कूलों एवं महाविद्यालयों में विशेष कैम्प आयोजित किए गए थे। आगामी वर्ष की अर्हता तिथियों 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर के लिए भी 77 हजार 052 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका अगले वर्ष तिमाही में निराकरण किया जाएगा।

### सघन अभियान चलाकर विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों के 5726 नए मतदाताओं को जोड़ा गया

राज्य के 18 जिलों में पांच विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों कमार, बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, बैगा और अबूझमाड़िया निवासरत हैं। प्रदेश में इन जनजातीय समूहों के कुल एक लाख 86 हजार 198 लोग रहते हैं जिनमें एक लाख 15 हजार 070 अठारह वर्ष से अधिक के हैं। इनमें से एक लाख सात हजार 558 लोगों के नाम मतदाता सूची में पहले से ही पंजीकृत थे। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के दौरान सघन अभियान चलाकर इन समूहों के 5726 नए मतदाता पंजीकृत किए गए हैं। राज्य में अब विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों के कुल पंजीकृत मतदाताओं की संख्या एक लाख 13 हजार 284 है, जो उनकी कुल जनसंख्या का 60.84 प्रतिशत है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# तमिलनाडु के कुन्नूर में यह हैं घूमने की बेहतरीन जगहें

नीलगिरी की पहाड़ियों में बसा कुन्नूर बेहद ही खूबसूरत जगह है। यह ऊटी के बहुत करीब स्थित है। कुन्नूर एक ऐसी जगह है, जहां पर यात्रियों के लिए काफी कुछ है। अगर आप भी ऊटी ट्रेवल कर रहे हैं तो आपको कुन्नूर घूमने के लिए भी अलग से थोड़ा समय अवश्य निकालना चाहिए। तो चलिए आज हम आपको बता रहे हैं कि कुन्नूर में आपके पास देखने के लिए क्या-क्या है-

### लैंब रॉक

यदि आप पूरे कुन्नूर का मनोरम दृश्य प्राप्त करना चाहते हैं और सूर्योदय और सूर्यास्त का आनंद लेना चाहते हैं, तो लैंब रॉक पर जाना यकीनन काफी अच्छा रहेगा। सर्दियों के मौसम में यात्रा करते समय यह धुंध से भर जाता है। इसलिए, यह जरूरी है कि आपको लैंब रॉक पर जाने से पहले तापमान के स्तर पर ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा आपको लैंब रॉक पर जाने से पहले दूरबीन जरूर ले जाना चाहिए, ताकि आप यहां के मनोरम दृश्यों का लुत्फ उठा सकें।

### सिम पार्क

फूलों की बहुत सारी विदेशी प्रजातियां हैं, जो पूरे देश के पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। वैसे तो इस पार्क की खूबसूरती देखते ही बनती है, लेकिन मई के माह में यहां जाना सर्वाधिक उपयुक्त माना जाता है, क्योंकि कुन्नूर सिम के पार्क में मई में फ्लावर शो आयोजित किया जाता है। यह कुन्नूर में सबसे अधिक देखे जाने वाले पर्यटन स्थलों में से एक है। आज के समय में यह एक प्रसिद्ध वनस्पति उद्यान है।

### हिडन वैली

हिडल वैली कुन्नूर में घूमने की बेहतरीन जगहों में से एक है। कुन्नूर के बाहरी इलाके में हरियाली पर बसे, यह जगह एडवेंचर्स पसंद लोगों के लिए एक बेहतरीन जगह है। पर्वतारोहण, रॉक क्लाइम्बिंग और ट्रेकिंग, हिडन वैली के अन्य आकर्षण हैं। वेलिंगटन गोल्फ कोर्स के बाहर और सिम के फॉल्स के पास, घाटी परिवारों के लिए एक आदर्श पिकनिक स्थल और जोड़ों के लिए एक रोमांटिक स्थान है।

### कैथरीन फॉल्स

अगर आप सोचती हैं कि कुन्नूर सिर्फ प्रकृति प्रेमियों के लिए एक हिल स्टेशन है तो आप गलत हैं। यहां पर आपको कुछ एडवेंचर्स एक्टिविटीज करने का भी मौका मिलेगा। कैथरीन फॉल्स सबसे अच्छे कुन्नूर आकर्षणों में से एक है, जिसे हर पर्यटक को देखना चाहिए। यह ट्रेकिंग के लिए अद्भुत ट्रेल्स प्रदान करता है।

# प्रिंटेड क्रॉप टॉप में एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने बिखेरा हुस्न का जलवा



शेरदिल शेरगिल एक्ट्रेस सुरभि चंदना सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरती रहती हैं। उनकी किलर तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। वहीं, लेटेस्ट तस्वीरें फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा रही हैं। सुरभि चंदना लेटेस्ट तस्वीरों में बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं। प्रिंटेड क्रॉप टॉप और शार्ट्स में एक्ट्रेस सुरभि चंदना बेहद ही बोल्ड नजर आ रही हैं। इस हॉट आउटफिट में एक्ट्रेस सुरभि चंदना अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। शेरदिल शेरगिल फेम एक्ट्रेस सुरभि चंदना अपने फैंस को अपनी किलर स्माइल से घायल करने का हुनर बखूबी जानती हैं। ओपन हेयर और लॉन्ग रिंग इयरिंग्स में एक्ट्रेस सुरभि चंदना गजब की बला लग रही हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। साथ ही फैंस के लिए अक्सर तस्वीरें शेयर करती रहती हैं।

# सामंथा रुथ प्रभु वापस लौटी काम पर, अफवाहों को किया खारिज



सामंथा रुथ प्रभु ने काम से लंबी छुट्टी लेने की अफवाहों पर विराम लगाते हुए अपनी आगामी फिल्म के लिए रिकॉर्डिंग शुरू कर दी है। अभिनेत्री, जिसे हाल ही में मायोसिटिस का पता चला था, ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि वह काम पर वापस आ गई है। उन्होंने आगामी फिल्म शाकुंतलम के लिए अपनी रिकॉर्डिंग की एक तस्वीर साझा की।

अपने इंस्टाग्राम पेज पर, सामंथा ने लेखक निक्की रोवे से कहा कि उन्हें काम से ही शांति मिलती है। उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म का नाम शाकुंतलम हैशटैग के साथ लिखा, कला इस पागलपन, दुख और दुनिया में अपनेपन के नुकसान का इलाज है।ऐसी अफवाहें हैं कि अभिनेत्री काम से एक लंबा विश्राम ले रही हैं, जिसके कारण वह फैमिली मैन के निर्देशक राज और डीके की अगली परियोजना सिटाडेल से हट रही हैं। हालांकि, उसने इन सभी अफवाहों को खारिज कर दिया है।

# सफेद कद्दू को डाइट में करें शामिल स्वास्थ्य को मिलेंगे कई लाभ

सफेद कद्दू इंग्लैंड में काफी लोकप्रिय है और वहां इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से सजावट के लिए किया जाता है। खासतौर से यह कद्दू हैलोवीन के लिए सजावट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सजावटी उद्देश्यों के रूप में इस्तेमाल किए जाने के अलावा सफेद कद्दू तरह-तरह की पाई और सूप सहित कई व्यंजनों का स्वाद बढ़ा सकता है, वहीं इसके सेवन से कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। आइए जानते हैं कि सफेद कद्दू कैसे स्वास्थ्यवर्धक है।



### तनाव कम करने में मददगार

शरीर में ट्रिप्टोफैन की कमी तनाव पैदा करने के लिए जिम्मेदार होती है। ऐसे में सफेद कद्दू का सेवन करना अच्छा हो सकता है। सफेद कद्दू एल-ट्रिप्टोफैन से भरपूर होता है। यह रासायनिक यौगिक उदास मनोदशा को ठीक करने, खुशी और कल्याण की भावना प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस तरह से सफेद कद्दू तनाव को कम करने में मददगार साबित हो सकता है।

### हृदय को स्वस्थ रखने में सहायक

सफेद कद्दू में उच्च मात्रा में फाइटोस्टेरॉल होता है। यह यौगिक खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकता है। खराब कोलेस्ट्रॉल का अधिक स्तर ही कई हृदय रोग का कारण बन सकता है। ऐसे में इसके नियंत्रित रखना बेहद जरूरी होता है। इसके अतिरिक्त सफेद कद्दू ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में भी सहायक हो सकता है।

### आंखों के स्वास्थ्य के लिए भी है फायदेमंद

सफेद कद्दू में ल्यूटिन और जेक्सैंथिन प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं, जो आंखों को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाने और मोतियाबिंद जैसी आंखों की बीमारियों का खतरा कम करने में मदद कर सकते हैं। इस कद्दू का नियमित रूप से सेवन आंखों के स्वास्थ्य को बेहतर करने में मदद कर सकता है। इसका कारण है कि इसमें विटामिन- ए की भरपूर मात्रा होती है।

### प्रोस्टेट कैंसर से सुरक्षित रखने में हो सकता है मददगार

सफेद कद्दू और इसके बीजों में कैरोटेनॉयड्स और जिंक की उच्च मात्रा होती है, जो प्रोस्टेट कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने में मदद कर सकते हैं। ये यौगिक प्रोस्टेट के बढ़ने के साथ-साथ इर्रिटेबल ब्लैडर की समस्याओं को बचाने में भी मदद करते हैं। सफेद कद्दू के बीजों का इस्तेमाल बिनाइन प्रोस्टेटिक हाइपरप्लेसिया के उपचार के लिए भी किया जा सकता है।

### इम्यूनिटी बढ़ाने में है कारगर


सफेद कद्दू विटामिन-ए, विटामिन-सी, मैग्नीशियम और पोटैशियम से भरपूर होता है, जो शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें कैल्शियम, फाइबर, आयरन, कॉपर और फ्लेवोनोइड्स की अधिक मात्रा भी मौजूद होती है, जो इसे संक्रमण से लड़ने वाले ऊतकों और कोशिकाओं के उचित विकास के लिए महत्वपूर्ण बनाते हैं। इस कारण सफेद कद्दू के विभिन्न व्यंजनों का सेवन करना अच्छा है।

# जामुन से मिलने वाले इन फायदों को जानने के बाद कहेंगे कि पहले क्यों नहीं बताया

जामुन एक ऐसा फल है, जिसे अधिकतर घरों में लोग खाना पसंद करते हैं। इस फल को खाने के अलावा इसके बीजों का भी इस्तेमाल किया जाता है। यह पेट से जुड़ी दिक्कतों को दूर करने में सहायक है। जामुन से आपको कई तरह के हेल्थ व स्किन बेनिफिट्स मिलते हैं, जिसके बारे में आज हम आपको बता रहे हैं-

### बढ़ाए हीमोग्लोबिन काउंट

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि विटामिन सी और आयरन से भरपूर, जामुन हीमोग्लोबिन बढ़ाता है। हीमोग्लोबिन की बढ़ती संख्या के साथ, आपका रक्त अंगों में अधिक ऑक्सीजन ले जाएगा और आपको स्वस्थ रखेगा। फल में मौजूद आयरन आपके रक्त को भी शुद्ध करता है।



### एक्ने को रखें दूर

स्किन केयर एक्सपर्ट के अनुसार, जामुन में कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो एक्ने का उपचार करने में बेहद प्रभावी होते हैं। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो आपको इसका सेवन जरूर करना चाहिए। इसके अलावा, आप थोड़े से जामुन के बीजों को पीसकर उसमें थोड़ा सा गाय का दूध मिलाएं। इसे अच्छे से मिलाएं। बिस्तर पर जाने से पहले इस पेस्ट को अपने पिंपल्स पर लगाएं। अगली सुबह इसे धो लें। नियमित रूप से इस उपचार से आपको कुछ ही दिनों में फर्क दिखाई देने लगता है।

### त्वचा और आंखों के स्वास्थ्य में सुधार

जामुन में मौजूद आयरन रक्त को शुद्ध करने वाले एजेंट के रूप में काम करता है। जिससे आपकी स्किन भी दमकने लगती है। यह आपकी त्वचा और आंखों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। फल कई मिनरल्स और विटामिन सी और ए में भी समृद्ध है।

### दिल को रखें स्वस्थ

जामुन आपके हृदय के लिए भी बेहद लाभदायक माना गया है, ऐसा इसमें मौजूद पोटेशियम के कारण होता है। प्रति 100 ग्राम जामुन में लगभग 55 मिलीग्राम पोटेशियम मौजूद है। फल हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक जैसी बीमारियों को दूर रखने में फायदेमंद है।

# चिरंजीवी की वाल्टेयर वीरय्या 13 जनवरी को हिंदी में भी होगी रिलीज



साउथ सुपरस्टार चिरंजीवी और रवि तेजा जल्द अपनी फिल्म वाल्टेयर वीरय्या में मौजूदगी दर्ज कराने वाले हैं। केएस रविंद्र ने इसका लेखन और निर्देशन किया है। फिल्म में अभिनेत्री श्रुति हासन फीमेल लीड किरदार अदा करेंगी। मेकर्स ने इसे तेलुगु के साथ-साथ हिंदी में भी रिलीज करने की तैयारी कर ली है। हाल में फिल्म को हिंदी में डब किया गया था। यह 13 जनवरी को तेलुगु और हिंदी में एक साथ रिलीज होगी

वाल्टेयर वीरय्या एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसे मैत्री मूवी मेकर्स ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म को ग्रैंडमास्टर और बी4यू द्वारा हिंदी में रिलीज किया जाएगा। ग्रैंडमास्टर के विकास साहनी ने कहा, यह 2023 की पहली बड़ी रिलीज है और संक्रांति पर इसके हिंदी संस्करण की तारीख पक्की करने में हमें खुशी हो रही है। फिल्म में दो पसंदीदा सुपरस्टार हैं और सभी मसाला फिल्में देखने वाले दर्शक साल की शुरुआत इस फिल्म से करना चाहेंगे।

# लिवर के लिए फायदेमंद है इन चीजों का सेवन, डाइट में जरूर करें शामिल

लिवर हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह विभिन्न प्रकार के आवश्यक कार्य करता है, जिसमें प्रोटीन, कोलेस्ट्रॉल और पित्त के निर्माण से लेकर विटामिन, खनिज और यहां तक कि कार्बोहाइड्रेट भी शामिल हैं। इतना ही नहीं, यह शरीर में मौजूद टॉक्सिन को तोड़ने में भी मदद करता है। इसलिए यह जरूरी है कि आप खुद को हेल्दी बनाए रखने के लिए अपने लिवर का भी उतना ही ख्याल रखें। इसके लिए आपको अपने आहार पर ध्यान देना होगा। ऐसे कई खाद्य पदार्थ हैं, जो आपके लिवर के लिए बेहद फायदेमंद हैं और इसलिए आपको इन्हें अपनी डाइट में जगह देनी चाहिए। तो चलिए जानते हैं ऐसे ही कुछ फूड्स के बारे में-



### कॉफी

डायटीशियन बताते हैं कि कॉफी का सेवन करना आपके लिवर के लिए बेहद फायदेमंद है। कॉफी लीवर में एंटीऑक्सीडेंट के स्तर को बढ़ाती है, जबकि सूजन को कम करती है। यह यकृत रोग, कैंसर और फैटी लीवर के विकास के जोखिम को भी कम करता है। हालांकि आपको इसका सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए, क्योंकि इसमें कैफीन होता है।

### चकोतरा

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, चकोतरा भी आपके लिवर को लाभ पहुंचाता है। चकोतरा में एंटीऑक्सिडेंट सूजन को कम करके और इसके सुरक्षात्मक तंत्र को बढ़ाकर लिवर की रक्षा करते हैं। वैसे चकोतरे के अलावा अंगूर का सेवन करना भी लिवर के लिए काफी अच्छा माना गया है।

### चुकंदर का जूस

सर्दियों में चुकंदर के जूस को सेहत का साथी माना गया है। इससे आपको कई तरह के लाभ मिलते हैं। यह लिवर के लिए भी बेहद फायदेमंद है। चुकंदर का जूस लीवर को ऑक्सीडेटिव डैमेज और सूजन से बचाता है, और इसके प्राकृतिक डिटॉक्सिफिकेशन एंजाइम को बढ़ाता है।

### जैतून का तेल

अध्ययनों से पता चलता है कि जैतून के तेल का सेवन जिगर में वसा के स्तर को कम करता है, रक्त के प्रवाह को बढ़ाता है और लिवर एंजाइम के स्तर में सुधार करता है। ऐसे में आप इसे अपने सलाद से लेकर खाने तक में शामिल करके अपनी लिवर हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं।

### ओट्स

डायटीशियन कहते हैं कि लिवर को हेल्दी बनाए रखने के लिए ओट्स को भी डाइट में शामिल करना चाहिए। इसमें मौजूद फाइबर आपके लिवर के लिए लाभकारी है। वैसे, शोध से पता चलता है कि यह आपको कुछ अतिरिक्त पाउंड और पेट की चर्बी कम करने में मदद कर सकता है, जो यकृत की बीमारी को दूर रखने का एक अच्छा तरीका है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### भाजपा 22 को मनायेगी आंध्र-सांस्कृतिक महोत्सव

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी संगठन को मजबूत करने व जनाधार बढ़ाने, एक भारत-श्रेष्ठ भारत की नवीन कार्य योजना पर अमल करते हुये भाजपा आंध्र समाज के साथ आगामी 22 जनवरी को आंध्र-सांस्कृतिक महोत्सव मनायेगी, जिसमें सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ आंध्र समाज के प्रमुख लोगों का सम्मान भी किया जायेगा। भाजपा जिला कार्यालय में एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्य योजना के प्रदेश संयोजक निवास राव मद्दी व भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी की उपस्थिति में इस आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने बैठक आहूत की गयी। जिसमें आंध्र समाज के प्रमुखों के साथ शीघ्र बैठक करने और उनसे सुझाव सलाह लेकर कार्यक्रम को भव्य रुप देने चर्चा हुई। प्रदेश संयोजक निवास राव मद्दी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को संगठित व सुदृढ़ बनाने एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्य योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। भारत में विभिन्न समाज के लोग बसते हैं, सभी की अपनी सामाजिक व सांस्कृतिक श्रेष्ठता है, जिनसे जुड़ने व उनका गौरवगान करने, हम एक हैं का संदेश प्रवाहित करने यह कार्यक्रम है। प्रथम रूप में आंध्र समाज के साथ सांस्कृतिक व सामाजिक आयोजन होना निर्धारित हुआ है। भाजपा कार्यालय में हुई तैयारी बैठक में योगेन्द्र पाण्डेय, रामाश्रय सिंह, बी जयराम, नरसिंह राव, सुरेश गुप्ता, अविनाश वास्तव, आलोक अवस्थी व अन्य मौजूद थे।

### कैंसर जागरूकता के लिए दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जगदलपुर।** बस्तर जिला मुख्यालय में दन्तेश्वरी मंदिर के सामने सुषमा विंग द्वारा कैंसर जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया था। इस आयोजन के मुख्य अतिथि राजीव शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने जागरूकता दौड़ में सहभागी बनकर विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। इंद्रावती विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष राजीव शर्मा ने सुषमा विंग के द्वारा आयोजित मेराथन दौड़ प्रतियोगिता में शामिल होकर आयोजन समिति के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि इस तरह के रचनात्मक कार्य होने से ही लोगों में जागरुकता आएगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि महापौर सफीरा साहू सभापति यशवर्धन राव, चेम्बर अध्यक्ष मनीष शर्मा, डॉ. संजय प्रसाद, डॉ. आरबीपी गुप्ता, डॉ. प्रदीप पांडे, नबी मोहम्मद, हनीफ बरबटिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल, समाज कल्याण विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी वैशाली सहित अन्य मौजूद थे।

# कुम्भकार समाज का हमारे सामाजिक संस्कारों में महत्वपूर्ण योगदानः मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज गरियाबंद जिले के कुटेना में आयोजित कुम्भकार समाज के महाधिवेशन को सम्बोधित करते हुए ग्राम बसीन में ग्लेजिंग यूनिट लगाने तथा सिरकट्टी आश्रम के छात्रावास हेतु 20 लाख रुपये की स्वीकृति की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कुम्भकार समाज के लोगों को नये वर्ष और छेरछेरा-पुन्नी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुम्भकार समाज का हमारे सामाजिक संस्कारों में महत्वपूर्ण योगदान है। कोई भी संस्कार, वैवाहिक कार्य एवं पारिवारिक कार्य इस समाज के योगदान के बिना पूरा नहीं होता है। मेहनतकश कुम्भकार समाज का हमारे समाजिक कार्यों में योगदान युगों से चलता आ रहा है। इसके बावजूद भी आज कुम्भकार समाज अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है।**



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में कुंभकार समाज का व्यवसाय प्रभावित हुआ है। पहले लोग मिट्टी के बर्तनों का अधिक उपयोग करते थे। लेकिन आधुनिकता के दौर में स्टील, जर्मन और प्लास्टिक का उपयोग अधिक हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुंदर वस्तुएँ की बिक्री हाथों हाथ हो जाता है। इस प्रतिस्पर्धा में कुम्भकार समाज को टिकना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के व्यवसाय को पुनर्स्थापित करने के लिए सरकार हर संभव मदद कर रही है। प्रदेश के अनेक स्थानों पर ग्लेजिंग यूनिट की स्थापना की गई है। लेकिन शिकायतें मिल रही है कि ग्लेजिंग यूनिट से कुंभकारों को काम नहीं मिल रहा है। ग्लेजिंग यूनिट को चलाने प्रोफेशनल रूप से निरंतर कार्य करते रहने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभकारों की सुविधा के लिए 9 हजार चॉक वितरित किए हैं। कई लोग इसका उपयोग नहीं कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने ऐसे लोगों से उन्हें दिए गए इलेक्ट्रिक चॉक को वापस लेकर काम करने के इच्छुक व्यक्तियों को उपलब्ध कराने कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभकार समाज के लोग पारंपरिक व्यवसाय के अलावा खेती किसानी से भी जुड़े हैं। सरकार ने धान खरीदी हेतु बेहतर प्रबंध की है। इसके तहत उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी, उठाव, परिवहन के कार्य बेहतर ढंग से संचालित हो रहे हैं। साथ ही राशि का भुगतान भी दो दिनों में हो रहा है। अब तक प्रदेश में 86 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने ऐसे किसान जो अब तक धान नही बेच पाये हैं, उनसे संबंधित उपार्जन केन्द्र में धान बेचने का आग्रह किया। उन्होंने कुंभकारों द्वारा मिट्टी से निर्मित विभिन्न बर्तन व अन्य उत्पाद को पकाने के लिए लकड़ी की जगह गो-कास्ट का उपयोग करने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नौजवानों को रोजगार मुहैया कराने प्रत्येक विकासखंड में दो रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क बनाया जा रहा है। यहां जमीन, शेड, बिजली, पानी, सड़क की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कुंभकार समाज को शिक्षा से जुड़ने का आह्वान करते हुए बताया कि सरकार शैक्षणिक संस्थाओं के रंग रोगन के लिए 1 हजार करोड़, आईटीआई में नया ट्रेड खोलने 1200 करोड़ की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार गरीब, किसानों के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए हैं। मुख्यमंत्री ने कुंभकार समाज के मांग पर बासीन में ग्लेजिंग यूनिट स्थापित करने तथा सिरकट्टी आश्रम के छात्रावास में सुविधाओं के विस्तार के लिए 20 लाख रुपए की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को अपने हाथों से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

राजिम विद्यायक श्री अमितेश शुक्ल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि कुंभकार मिट्टी को अपने मन माफिक्र जैसे सुन्दर रूप देते हैं, वैसे ही प्रदेश के मुख्यमंत्री जी समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं, साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को पुनर्जीवित कर लोगों को छत्तीसगढ़िया होने का एहसास कराया है। समारोह में छत्तीसगढ़ माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष श्री बालम चक्रधारी और कुंभकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री तरुण प्रजापति ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर गृह तथा लोक निर्माण मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, सिरकट्टी आश्रम कुटेना के संत श्री गोवर्धन शरण व्यास, माटीकला बोर्ड के सदस्य श्री कृष्ण चक्रधारी एवं खेलावन चक्रधारी, जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण, अन्य जनप्रतिनिधि, समाज के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अमित शाह ने फूंका छत्तीसगढ़ में चुनावी बिगुल

**रायपुर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज यहां छत्तीसगढ़ में चुनावी शंखनाद करते हुए कोरबा की विशाल जनसभा में कांग्रेस की राज्य सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि चुनाव आ रहे हैं, अगर कुछ किया हो तो बताने के लिए तैयार रखना। जनता सवाल पूछेगी कि 5 साल में क्या किया है? उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि कुछ नहीं किया। भूपेश बघेल ने बहुत कुछ किया है। भ्रष्टाचार बढ़ाने का काम किया है, बलात्कार बढ़ाने का काम किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम के ननिहाल आया हूं। जय राम के साथ अपनी बात शुरू करता हूं। उन्होंने कहा कि आज राजिम माता जयंती का शुभ दिन है। शुभ दिन पर राजिम माता कर्मा माता को प्रणाम करते हुए अपनी बात शुरू करना चाहता हूं। जब मैं यहां आया हूं तब सबसे पहले छत्तीसगढ़ वालों को यह बताने आया हूं कि आपका सालों का सपना, पीढ़ियों की लड़ाई कांग्रेस के अत्याचारों से कहीं न कहीं रुकी हुई थी। जब देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी, अटलजी प्रधानमंत्री बने, तब छत्तीसगढ़ बनाने का काम किया। जब छत्तीसगढ़ बना तब मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य और छत्तीसगढ़ को उसका सबसे बीमारू हिस्सा माना जाता था।

# कलेक्टर ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने जिले के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की, साथ ही राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में गति लाने को कहा। डॉ.सिद्दकी ने मुख्यमंत्री सुपोषण मिशन के तहत समस्त हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने की दिशा में कार्य करने को कहा। विभाग के अधिकारी ने बताया कि जो कुपोषित बच्चे हैं उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करने के बाद जब डिस्चार्ज किया जाता है, उसके पश्चात अगले 3 महीने तक उनका फॉलोअप लिया जाता है। इसके अलावा कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने मॉडल आंगनबाड़ी के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि आगामी दिनों में वे स्वयं आंगनबाड़ी जाकर निरीक्षण करेंगी। उन्होंने उपस्थित सभी विभागीय पदाधिकारियों को कहा कि जाति प्रमाण पत्र के कार्यों और कुपोषण संबंधी मामलों को प्राथमिकता में लेकर उस पर विशेष ध्यान दें। साथ ही मध्यम कुपोषित और गंभीर कुपोषित बच्चों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागीय अधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में प्राप्त हुए आवेदनों में दस्तावेजों का सत्यापन कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि बाल संदर्भ योजना में शिविर के माध्यम से हितग्राहियों की पहचान की जा रही है और मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अंतर्गत सामूहिक विवाह के लिए प्राप्त आवेदनों का जन्मतिथि का सत्यापन कार्य जारी है। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने नोनी सुरक्षा योजना, बच्चों हेतु गर्म भोजन, मातृ वंदना, नारी निकेतन, जिला बाल संरक्षण केंद्र इन विषयों पर चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों का निरीक्षण कर गतिविधियों का लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम कमरौद में मनरेगा के कार्य, ग्राम परना में आंगनबाड़ी केन्द्र, ग्राम परसतराई में धान खरीदी केन्द्र और ग्राम भालूकोन्हा में सड़क नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण किया।**

इस दौरान पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका वास्तव मौजूद थे। उन्होंने ग्राम कमरौद में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत् चल रहे डबरी गहरीकरण कार्य का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कार्यस्थल में पहुँचकर मजदूरों से चर्चा की। उन्होंने मजदूरों से कार्यस्थल में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। मजदूरों ने बताया कि कार्यस्थल पर पेयजल, छाया व प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध है। कलेक्टर ने मजदूरों से समय पर मजदूरी भुगतान तथा वर्षभर में मिलने वाले कार्यदिवसों की जानकारी भी ली। उन्होंने इस दौरान मस्टर रोल का अवलोकन भी किया। कलेक्टर ने तकनीकी सहायक से कार्यस्थल पर सभी गोदी की नाप करने के निर्देश दिए तथा अपने समक्ष गोदी की नाप भी कराई।

कलेक्टर शर्मा ने ग्राम परना के आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से नाम पूछा और उनसे कविताएँ भी सुनी। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र की नन्ही बच्ची कामना, पलक और रोशनी ने कविता भी सुनाई। कविता सुनकर कलेक्टर ने उनकी सराहना करते हुए उन्हें बिस्किट प्रदान किया। उन्होंने वहाँ बच्चों को पिलाए जाने वाले फॉलिक एसिड सीरप की जानकारी ली। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र में कुपोषित बच्चों की जानकारी लेकर उनके पोषण स्तर में आये बदलाव को देखने बच्चों का वजन तौल भी कराया। जिसमें बच्चों का वजन पहले से बेहतर स्थिति में पाया गया। उन्होंने वहाँ बच्चों एवं महिलाओं के लिए पकाये जा रहे भोजन का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्र परिसर में गर्भवती व शिशुवती महिलाओं से चर्चा की और मुख्यमंत्री सुपोषण योजना के अंतर्गत मिलने वाले पोषक आहार की जानकारी ली। कलेक्टर शर्मा ने ग्राम परसतराई में धान खरीदी केन्द्र पहुँचे।

उन्होंने वहाँ अब तक खरीदी गए धान की मात्रा, धान के उठाव सहित धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एस.डी.एम. रश्मि वर्मा, जनपद पंचायत के सीईओ अश्वन कुमार पुसाम सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने राजिम में भगवान राम की भव्य मूर्ति का किया अनावरण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजिम महोत्सव स्थल पर भगवान राम की 25 फीट ऊंची भव्य मूर्ति का अनावरण किया। इस मूर्ति को 5 महीने की अल्पावधि में तैयार किया गया है। इस भव्य एवं विशाल मूर्ति को तैयार करने में ओड़िसा के 20 शिल्पकारों ने मुख्य भूमिका निभाई है। इसे हाथ से तराश कर छत्तीसगढ़ के बिल्हा स्टोन से निर्मित किया गया है।

मूर्ति को 8 फीट ऊंचे नवनिर्मित चबूतरा में प्रतिस्थापित किया गया है। इसकी भव्यता देखते ही बनती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव लोचन मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की एवं प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने राजिम-चौबेबांधा-नवागांव मार्ग चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण और 3.7 किलोमीटर लंबे लक्ष्मण झूला पहुंच मार्ग का भूमिपूजन किया। उल्लेखनीय है कि राम वनगमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत त्रिवेणी संगम राजिम भी शामिल है। राज्य शासन द्वारा राजिम में राम वनगमन पर्यटन परिपथ के विकास के लिए 13 करोड़ 12 लाख रुपये की स्वीकृति दी गयी है। इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष श्रीमती चित्ररेखा साहू, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राम सुंदर दास उपस्थित थे।

# देखरेख संस्थाओं में निवासरत बालक/बालिकाओं में कोविड संक्रमण की रोकथाम के लिए दिशा-निर्देश जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़,।** कोरोना वायरस के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए वायरस से बचाव हेतु प्रचार-प्रसार एवं नियंत्रण के लिए किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण)अधिनियम 2015 के अंतर्गत राज्य में पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत बालक/बालिकाओं में संक्रमण रोकने एवं संक्रमण की अवस्था में नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्यवाही के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था में निवासरत बच्चों को हाथ की स्वच्छता का नियमित रूप से अभ्यास कराते हुए उन्हें बार-बार साबुन व साफपानी से कम से कम 40 सेकेण्ड तक हाथ धोने हेतु प्रेरित करें। खांसते व छींकते समय रूमाल या कपड़े से मुंह और नाक को ढंकने हेतु प्रेरित करें एवं नाक, मुंह, आंख या चेहरे को छूने से बचने की सलाह दें। संस्था परिसर में कार्यरत स्टॉफ या बालक/बालिकाओं में किसी भी व्यक्ति में कोरोना वायरस के लक्षण जैसे (खांसी, बुखार या सांस लेने में कठिनाई)हो तो अविलम्ब नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/डॉक्टर के पास ले जाये एवं ऐसे बच्चों के उपचार हेतु पृथक से कक्ष चिन्हांकित कर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करें। संस्था में बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता एवं आवासीय स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें जैसे नियमित रूप से कपड़ो को धोना, कमरों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें। कोरोना वायरस संक्रमण के लक्षणों एवं इसके संभावित खतरों की जानकारी आवासीय बालक/बालिकाओं को आवश्यक रूप से प्रदान करें।

बच्चों को भीड़-भाड़ वाले स्थानों जैसे पार्क, मॉल, बाजार आदि ले जाने से बचें। बाल देखरेख संस्थाओं को कोविड अनुरूप व्यवहार जैसे का पालन किए जाने हेतु बच्चों को प्रेरित करें। कोरोना वायरस से बचाव के संबंध में 12 से 18 आयु वर्ग के बच्चों का कोविड-19 टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर प्रथम एवं द्वितीय डोज शत-प्रतिशत करवाने के संबंध में आवश्यक पहल करें।

### चौपाटी निर्माण के विरोध में भाजपा ने किया सद्बुद्धि यज्ञ एवं सुंदरकांड

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला के अनिश्चित कालीन धरने का आज चौथा दिवस था। भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री राजेश मूणत लगातार इस अनिश्चिकालीन धरने में कार्यकर्ताओं के साथ चौबीसों घंटे धरने में बैठे हुए हैं।

प्रदेश भाजपा के नेता लगातार इस धरने को समर्थन देने पहुँच रहे हैं। साथ ही विद्यार्थियों का समूह, सामाजिक कार्यकर्ता भी समय समय पर धरने में शामिल हो रहे हैं। श्री मूणत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता इस ठिठुरती ठंड में खुले आसमान के नीचे टेंट डाल कर रात गुजार रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि ठंड से डरकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे।






















## खास खबर

### ट्रक ड्राइवर ने बीच सड़क पर मचाया उत्पातः वनोपज नाके को मारी टक्कर, वनकर्मी हुआ घायल

**कांकेर ( ए )।** कांकेर जिले में शराब के नशे में धुत एक ट्रक चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए कन्हारगांव वनोपज नाके को टक्कर मार दी। इसके बाद आरोपी ट्रक को तेज रफ्तार से लहराते हुए शहर की ओर आगे बढ़ गया और इस दौरान उसने एक वनकर्मी को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल वनकर्मी अर्जुन मंडावी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, केवटी की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीएच 9454 के चालक रेमन वर्मा नशे की हालत में धुत होकर वाहन को चलाते हुए भानुप्रतापपुर की ओर आ रहा था। इसी दौरान कन्हारगांव के पास बने वनोपज नाके को उसने लापरवाहीपूर्वक ठोंक दिया। इसके बाद ट्रक लहराते हुए आगे निकल गया। इस दौरान 3 घरों के छप्पर को भी नुकसान पहुंचाया। वहीं ट्रक को लहराते हुए देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और वे इधर-उधर भागने लगे।

ट्रक को अनियंत्रित होता देख लोगों ने उसका पीछा किया और अस्पताल के सामने किसी तरह से ट्रक को रुकवाया। इसके बाद ड्राइवर को नीचे उतारकर आक्रोशित लोगों ने जमकर उसकी धुनाई की और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं नाके पर तैनात वनकर्मी अर्जुन मंडावी भी ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी इलाज जारी है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### सायलो मशीन में फंसकर मजदूर की मौत

**कवर्धा।** जिले के पंडरिया लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल शक्कर कारखाने में रविवार को सायलो मशीन में फंसकर एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने प्रबंधन के ऊपर लापरवाही और पुलिस पर भी बिना पंचनामा किए शव को ले जाने का आरोप लगाया है। परिजनों ने मुआवजे की भी मांग की है। मृतक का नाम जेठूराम मिरे (35 वर्ष) है, जो गांव पुसेरा थाना पंडरिया का रहने वाला है। मामला पांडातराई थाना क्षेत्र का है। घटना के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंकज पटेल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने श्रमिक की मौत को गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई गई है। कलेक्टर ने घटना की श्रमिकों से जुड़े हेल्थ सेफ्टी सहित हर पहलू पर जांच के निर्देश दिए हैं। कारखाने के ठेकेदार पर भी लापरवाही के आरोप लगे हैं। बिना सुरक्षा इंतजामों के मजदूरों से काम करवाने का आरोप लगाया गया है।

# चाय पिलाने की जिद पत्नी पर पड़ी भारी, गुस्सैल पति ने ले ली जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में एक महिला की उसके पति ने बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या की वजह बस इतनी सी थी कि पत्नी अपने पति को चाय पीने के लिए बोल रही थी। सुबह- सुबह चाय पीने के लिए जगाने से नाराज पति ने पत्नी को जान से मार दिया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया।




घटना कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र की है। घटना 6 जनवरी की बताई जा रही है। ग्राम बीजाबैरागी की रहने वाली सौहद्रा बाई पटेल (40) की लाश घर की बाड़ी से मिली थी। उसके बाल बिखरे हुए थे और मुंह से खून निकल रहा था। उसकी लाश औंधे मुंह पड़ी हुई थी। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद शव को पीएम के लिए भेजा। इसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कबीरधाम एसपी डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी मनीषा ठाकुर ने विशेष टीम का गठन किया।

शुरूआती शक के आधार पर पुलिस ने महिला के पति रविन्द्र पटेल से पूछताछ की। पूछताछ में पुलिस को उसके बयान पर शक हुआ। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया। पूछताछ में आरोपी पति ने बताया कि उसकी पत्नी सौहद्रा सुबह 6 बजे चाय पीने के लिए कहने लगी। इस पर उसने कहा कि वह नहाकर चाय पीएगा। इसके बाद पत्नी उसी समय चाय पीने की जिद करने लगी। इसी बात पर विवाद हुआ और बात मारपीट तक पहुंच गई। दोनों में जमकर मारपीट हुई इस दौरान आरोपी पति ने पत्नी को लात घूंसे से पीटने लगा। इसके बाद बाल पकड़कर घसीटते हुए बाड़ी में ले गया और वहां पत्थर से सिर कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में पुलिस आरोपी रविन्द्र पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# युवक की हत्या कर नदी में फेंक दी लाश, दो दिन बाद लोगों की पड़ी नजर, जांच में जुटी पुलिस



**जांजगीर-चांपा।** जिले में युवक की हत्या कर शव नदी में फेंकने का मामला सामने आया है। रविवार को लोगों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाया और पीएम के लिए भेजा। शव पर चोट के निशान हैं और पुलिस को आशंका है कि युवक की हत्या की गई है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना जांजगीर चांपा जिले के बलौदा थाना क्षेत्र का है। बसहा गांव से गुजरने वाली लीलागर नदी आज सुबह ग्रामीणों से एक शव को तैरते देखा। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। शव की फोटो खींच पुलिस ने आसपास के थानों में भेजा है। दूसरे जिलों में युवक की फोटो भेजी जा रही है। पुलिस ने बताया कि शव दो से तीन दिन पुरानी हो सकती है। शुरुआती जांच में हत्या का मामला लग रहा है। युवक की हत्या के बाद शव को नदी में फेंका गया है। फिलहाल शव की शिनाख्त हो जाए इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नकबजनी का आरोपी पकड़ाया, सुपेला व स्मृति नगर में की थी लाखों की चोरी

## दो आरोपी पहले हो चुके गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सुपेला व स्मृति नगर चौकी क्षेत्र में नकबजनी की दो घटनाओं को अंजाम देने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लाखों के जेवर बरामद किए गए हैं। नकबजनी की इन घटनाओं को चार आरोपियों ने मिलकर अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। वहीं मामले में एक आरोपी अब भी फरार है।

इस संबंध में पुलिस ने बताया कि दिसंबर माह में चंद्रनगर कोहका व शांति नगर में हुई दो चोरियों के मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही थी। जइस दौरान आदतन अपराधियों व जेल से रिहा हुए अपराधियों से पूछताछ की जा रही थी। आसपास के मार्गों में लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज के आधार पर कुछ संदेहियों को पकड़ लिया गया। इस दौरानआरोपियों की पहचान अजय बाबू उर्फ बापजी निवासी केम्प 01, राजेश नानी व नौसाद उर्फ बिल्लू निवासी केम्प 01 के रूप मे हुई।

इसके बाद अजय बाबू उर्फ बापजी को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने बताया कि दोस्त राजेश उर्फ नानी व नौसाद उर्फ बिल्लू के साथ मिलकर दिसंबर माह में शांती नगर के सूने मकान का ताला तोड़कर दिन के समय नकबजनी की घटना को अंजाम दिया था। इसमें से कुछ सामान को अपने साथी विक्की उर्फ सरदार के पास रखा गया था। आरोपी राजेश उर्फ नानी एवं नौसाद उर्फ बिल्लू फरार हो गये थे। बहुत पतासाजी के बाद भी नहीं मिले जिससे आरोपी अजय बाबू उर्फ बापजी एवं विक्की वर्मा उर्फ सरदार के कब्जे से चोरी गई सोने-चांदी के जेवर जब्त किया गया।

शेष फरार आरोपी राजेश उर्फ नानी एवं नौसाद उर्फ बिल्लू की पतासाजी की जा रही थी। आरोपी राजेश उर्फ नानी बिहार भाग गया था। दानापुर एक्सप्रेस से वापस भिलाई आ रहा था। इस दौरान रेलवे स्टेशन पावर हाऊस के पास ट्रेन से उतरते ही राजेश को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर चंद्र नगर कोहका से चोरी की गई सोने के जेवरात बरामद किया गया।

# पोल्ट्री फार्म में जुआ खेलते 10 आरोपी गिरफ्तार



**महासमुंद ( ए )।** पुलिस ने पोल्ट्री फार्म में जुआ खेलते 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र का है।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान पारस चंद्राकर, संदीप सोनी, राकेश चंद्राकर, देव सिंह ध्रुव, रूपेश साहू, आकाश चंद्राकर, सुनील जैन, बैजनाथ साहू, चंद्र कुमार साहू और खेमराज जैन के रूप में की है।

पुलिस को सुचंना मिली थी कि सभी आरोपी ग्राम पडकीपाली खार के पास पारस पोल्ट्री फार्म हाउस में जुआ खेल रहे है। जिसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से नगद 73000 रूपये, 10 मोबाईल फोन, 8 मोटरसाइकिल और 1 कार जब्त किया है।

# सुपेला के बार संचालक को उसके कुक ने लगाया लाखों का चूना




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कोहका क्षेत्र के एक बार संचालक को उसके कुक ने लाखों का चूना लगाया है। नया कुक गांव से लाने के नाम पर बार संचालक से रुपए लिए और गांव जाने के बाद नहीं लौटा। कई माह इंतजार करने के बाद बार संचालक ने थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 406, 408 के तहत अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार अवन्ती बाई चौक कोहका स्थित चेरिओट बार एण्ड रेस्टोरेंट के संचालक जुल्फीकार ने यह शिकायत दर्ज कराई। दर्ज शिकायत में उसने बताया कि उनकी बार में बलवीर सिंह रावत नाम का शख्स कुक के रूप में काम करता था। वह ग्राम रानाकोट पोस्ट रानाकोट तहसील नरेन्द्र नगर जिला टिहरी गड़वाल उत्तराखंड का रहने वाला है। वह बार में हेड कुक के रूप में 11 वर्षों से काम कर रहा था।

हेड कुक ने और दो कुक लाने के नाम पर उन्हें एडवांस देने के लिये 2,50,000 रुपए फरवरी 2021 में लिए थे। उसने कहा कि वो कुक लोग खुद आ रहे है। उसने कहा कि उसके पिता वहां से कुक भेज देगें। अप्रैल 2022 तक कुक नहीं आए तो कारण पूछने पर उसने कहा कि आप 30 हजार रुपए दो मैं खुद जाकर 10 दिन के अंदर गांव से उन्हें लेकर आता हूं। इसके बाद बार संचालक ने उसे तीस हजार रुपए 02 मई 2022 को दिए। पैसे लेकर वह चला गया और उसके बाद फिर नहीं लौटा। बार संचालक ने कहा कि कुक लाने के नाम पर उसके हेडकुक ने उससे पूरे 2 लाख 80 हजार रुपए लेकर भागा है। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में ऑफिस खोलकर व्यापारी से 48 लाख ठगे

**रायपुर ( ए )।** राजधानी के सरिया व्यापारी से प्राइवेट कंपनी में इन्वेस्टमेंट पर मोटी रकम देने का झांसा देकर 48 लाख की ठगी कर ली गई। ठगों ने तेलीबांधा के एक कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में लग्जरी ऑफिस खोला। वहां 3 माह तक लोगों से मिलना-जुलना करते रहे। अचानक दफ्तर में ताला लगाकर भाग निकले। पुलिस ने कंपनी के खिलाफठगी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अफसरों ने बताया कि लक्ष्मीनगर निवासी राकेश सिन्हा का सरिया का कारोबार है। उसकी मुलाकात दुर्ग में सारिका वर्मा से हुई। उसने खुद को टैक्स जीवन सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का एचआर हैड बताया। उसने झांसा दिया कि उनकी कंपनी की पूरे देश में शाखा है। इसमें इन्वेस्टमेंट करने पर मोटी रकम दी जाती है। राकेश को कंपनी के ऑफिस बुलाया गया। कंपनी ने पिछले साल अगस्त में ही तेलीबांधा बेबीलोन टावर में किराया लेकर लग्जरी ऑफिस खोला था। वहां राकेश को बुलाया गया। राकेश ने कन्हैया चड्ढ़ा और जय नारा से मुलाकात की। दोनों ने राकेश को स्कीम बतायी। उसे हर माह डेढ़ लाख मुनाफे का झांसा दिया।

# दुर्ग में पीडीएस चावल की तस्करी का भांडाफोड़ कोतवाली पुलिस ने जब्त किया 200 बोरी चावल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कोतवाली पुलिस ने शनिवार को पीडीएस के चावल की तस्करी का भांडाफोड़ किया है। दोपहर को टोनी खंडेलवाल नाम के राइस मिलर को पीडीएस चावल खरीदने बेचने के आरोप में गिरफ्तार भी किया है। पुलिस ने ट्रक के साथ लगभग 200से अधिक बोरी चावल जब्त किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी खाद्यविभाग को दी है। कोतवाली पुलिस ने यह जब्ती धारा 102 के तहत जब्त किया है।



इस मामले में कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि गंजपारा में पीडीएस का चावल लोड किया जा रहा है। इसके बाद पुलिस की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर खाद्य विभाग को सूचना दी। पुलिस को पता चला कि यह चावल गंजपारा निवासी टोनी खंडेलवाल लोड करा रहा था। पुलिस को यह भी पता चला कि टोनी खंडेलवाल पीडीएस के चावल की अवैध तस्करी करता है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी किया और मुचलके पर रिहा किया। पुलिस का कहना है कि इस मामले में आगे की कार्रवाई खाद्य विभाग द्वारा की जाएगी। बताया जा रहा है कि आरोपी के खिलाफ ईसी एक्ट की कार्रवाई की जाएगी।

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR Mob.-9840760388 7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### नेहरू नगर कालीबाड़ी में कल से आचार्य हरिनारायण भारद्वाज करेंगे श्रीमद्भागवत कथा

**भिलाई ।** समस्त भक्त मंडली द्वारा नेहरू नगर कालीबाड़ी में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 09 से 15 जनवरी तक किया गया है. मथुरा के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य हरिनारायण भारद्वाज के श्रीमुख से प्रतिदिन दोपहर 02 से शाम 06 बजे तक धर्म प्रवचन होंगे. उन्होंने बहुत छोटी आयु में ही देश के शीर्षस्थ श्रीमद भगवत कथाकारों में अपना स्थान बना लिया है. आपकी रसमयी धाराप्रवाह वाणी सहज ही श्रोताओं को एक अलौकिक आनंद की अनुभूति कराती है।

### राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता में विजेता को मिलेगा पुरस्कार

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ की पहचान श्रीराम और रामायण से है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा भी इसी परम्परा व पहचान को आगे बढ़ाने की रही है। राज्य स्तर से लेकर जिला और नगर स्तरीय पर रामायण मंडलियों की प्रतियोगिता कराकर उन्हें प्रोत्साहित करना है।जिसके लिए आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कार्यपालन अभियंता राजेश पांडेय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है साथ ही अन्य अधिकारी व कर्मचारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। निगमायुक्त कहा कि नगर में राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन विवेकानंद भवन सभागार, पद्मनाभपुर में किया जाना है। प्रथम आने वाली रामायण मंडली जनपद स्तर प्रतियोगिता में भाग लेगी। मंडली को प्रोत्साहन करने हेतु वार्डों की रामायण मंडली को आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।आवेदन जमा करने की तिथि दिनांक 09 जनवरी से 12.जनवरी 2023 तक कार्यालयीन समयावधि मे आवेदन मन्नूलाल यादव एवम निर्मल चंद्राकर के पास जनगणना एवं निर्वाचन शाखा में जमा कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।आयोजन दिनांक 16.01.2023 समय 10.00 बजे। महापौर धीरज बाकलीवाल और निगमायुक्त लोकेश चन्द्राकर नोडल ने रामायण मण्डली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से अपील की है की पंजीयन हेतु लगने वाले आवश्यक दस्तावेज जैसे - मुखिया का आधार कार्ड, पेन कार्ड, मोबाइल नंबर, पासपोर्ट साईज का फेटो। सभी सदस्यों का नाम, पूर्व पता मो0न0 महिला / पुरूष मंडली की उपलब्धियां जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय राष्ट्रीय स्तर पर, यदि हां तो प्रमाण पत्र की छायाप्रति, चयनित रामायण मंडली को प्रसंग की जानकारी 01 घंटे पूर्व दी जाएगी।

### आश्रम में मनाया गया माधी पूणिमा

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वावधान में शिवनाथ नदी के तट पर स्थित संत श्री आसाराम जी बापू आश्रम बेलौदी दुर्ग में माधी पूर्णिमा के निमित्त पूर्णिमा कार्यक्रम किये कार्यक्रम की सुरुवात सदगुरू जी के जीवन पर आधारित श्री आसारामयण का पाठ,से की गई उसके बाद पादुका पूजन, बड़ दादा की परिक्रमा की गई व भजन कीर्तन व आरती महाप्रसादी के साथ समापन किये।

# धर्मांतरण पर हंगामाः खुर्सीपार में धर्म परिवर्तन करा चुका पंजाबी परिवार दे रहा था प्रलोभन, थाने पहुंची शिकायत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नारायणपुर में अभी धर्मांतरण का मुद्दा थमा नहीं और भिलाई में धर्मांतरण पर भारी बवाल हुआ। खुर्सीपार में धर्म परिवर्तन करा चुके एक पंजाबी परिवार ने गृहप्रवेश कार्यक्रम की आड़ में प्रार्थना सभा का अयोजन किया और क्षेत्र के कुछ परिवारों को प्रार्थना सभा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। यही नहीं क्रिश्चियन धर्म अपना चुके पंजाबी परिवार ने लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया है।**



बजरंगदल व भाजपा नेताओं को इसकी जानकारी हुई तो आज खुर्सीपार में जमकर बवाल हुआ। पुलिस को मौके पर फोर्स लगानी पड़ी। वहीं बजरंगियों व भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने पंजाबी परिवार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ खुर्सीपार थाने पहुंचकर शिकायत भी दर्ज कराई गई है।

खुर्सीपार थाने पहुंचे बजरंग दल व भाजपा के लोगों ने आरोप लगाया कि न्यू खुर्सीपार में मंजीत नाम का व्यक्ति लगातार मोहल्ले के लोगों को क्रिश्चियन धर्म अपनाने के लिए दबाव बना रहा है। शनिवार को उक्त परिवार ने अपने घर पर कार्यक्रम का आयोजन कराया और लोगों को धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रलोभन देने लगे। बिहारी मोहल्ला निवासी सुधीर यादव व विजय देवांगन ने बताया कि मंजीत नाम के व्यक्ति ने उन लोगों को प्रलोभन दिया है। आर्थिक सहायता के साथ ही बच्चों की फ्री में पढ़ाई लेकर अच्छी लाइफ का प्रलोभन दिया गया। सुधीर यादव व विजय देवांगन ने कहा कि हमें पैसों का लालच नहीं है लेकिन मंजीत नाम का व्यक्ति बार बार धर्म बदलने को कह रहा है। आज घर पर प्रार्थना सभा रखवाई और सभी को फादरी का संदेश सुनने के लिए बुलाया। धर्मांतरण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों ने यहां न्यू खुर्सीपार में प्रार्थना स्थल से तंबू हटवाया और जमकर नारेबाजी की। हंगामे की सूचना के बाद मौके पर भारी मात्रा में पुलिस फोर्स पहुंच गई। एएसपी संजय ध्रुव भी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। बजरंग दल व भाजपा के लोग काफी नाराज थे और आरोपी परिवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। लोगों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर कार्यक्रम रुकवाया।

इस मामले में एएसपी संजय ध्रुव ने बताया कि एक समुदाय के द्वारा खुर्सीपार थाने में शिकायत कराई गई है। इनका कहना है कि खुर्सीपार में एक समुदाय विशेष के लोगों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर धर्मांतरण कराया जा रहा है। शिकायत पर पुलिस ने पहुंचकर कार्यक्रम रुकवाया है। फिलहाल तथ्यों की जांच की जा रही है। जो भी बातें सामने आएंगी तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में दो दिवसीय चक्र साधना शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** तीर्थंकर पार्श्वनाथ प्रभु की साधना स्थली तपोभूमि उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में आज प्रातः तीर्थपति के 108 वासक्षेप पूजन के साथ मुम्बई के परम तीर्थभक्त भाविन भाई गाला तथा न्यू जर्सी अमेरिका के सुप्रसिद्ध इंजिनियर हमीर लालभाई वादी ने दो दिवसीय 'लोगस्स आराधना सह चक्र साधना शिविर का शुभारम्भ किया। पूर्व में आयोजित चक्र साधना शिविर की सफलता को देखते हुए मोटिवेशन ट्रेनर शेखर बैद के नेतृत्व में शिविर का पुनः आयोजन किया गया है जिसमें दुर्ग, रायपुर, डोंगरगढ़, कवर्धा, भिलाई, कोण्डागाँव आदि विभिन्न स्थानों के शिविरार्थी भाग ले रहे हैं।

शिविर का प्रथम सत्र प्रातः प्रार्थना, योग, प्राणायाम ध्यान के प्रारम्भिक जानकारी के साथ प्रारम्भ हुआ। शरीर में विद्यमान 7 चक्रों की प्रारंभिक जानकारी देते हुए शेखर बैद ने बतलाया कि मूलरूप से चक्र केवल सात है- मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, अनाहत, विशुद्धि आज्ञा और सहस्त्रार! मूलाधार चक्र गुदा और जननेन्द्रिय के बीच होता है स्वाधिष्ठान चक्र जननेन्द्रिय के ठीक ऊपर होता है। मणिपूरक चक्र नाभि के नीचे होता है अनाहत चक्र हृदय के स्थान वाली जगह के पास होता है। विशुद्धि चक्र कंठ के गड्ढे के पास होता है। आज्ञा चक्र दोनों भौं के बीच होता है जबकि सहस्त्रार चक्र जिसे ब्रम्हरंद्र भी कहते हैं ,सिर के सबसे ऊपर जगह पर होता है। इन चक्रों की साधना से जीवन शांत, प्रशांत एवं उर्ध्वगामी बनता है।

शेखर बैद ने कहा कि मनुष्य सदैव द्वन्द्व से जूझता रहता है ! हानि-लाभ, यश-अपयश, संयोग-वियोग, रूदन हास्य ,जीवन-मरण ऐसे द्वन्द्व के साथ जुड़ा रहता है।

## यंगिस्तान कप 2023 क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान युवाओं को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित किया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित यंगिस्तान कप 2023 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन आज रिसाली, राधिका नगर एवं खुर्सीपार मैदान में कुल 13 मैच खेले गये। मैच के पूर्व आज समिति के युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय द्वारा खुर्सीपार पहुंचकर युवाओं को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित किया गया। आज तीनों ही आयोजन स्थल पर समिति के युवा सदस्यों और युवाओं ने मैदान की साफ- सफाई करते हुए भिलाई की सफाई अभियान में अपनी सहभागिता देते हुए आमजनों को जागरूकता का संदेश





दिया। यंगिस्तान कप 2023 के दूसरे दिन आज रिसाली, राधिका नगर एवं खुर्सीपार तीनों आयोजन स्थल पर भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ जुटी। लोगों में क्रिकेट को लेकर रोमांच देखते ही बन रहा था। आज खेले गए 13 मैचों में टीमों के बीच जोरदार भिड़ंत देखने को मिली। आज रिसाली में खेले गये मैचों में पहला मैच ओम 11 रिसाली और द बॉयस 11 रिसाली के बीच खेला गया, जिसमें ओम 11 की टीम 11 रन से जीत दर्ज की। तत्पश्चात दूसरे मैच में स्टूडेंट इलेवन सेक्टर 2 ने जीत दर्ज की। इसी क्रम में तीसरे मैच में रिसाली 11, चौथे मैच में फैंटम इलेवन ने शानदार जीत हासिल की। वहीं अन्य मैचों में आरआर सेक्टर -2 व क्लब इलेवन ने जीत दर्ज की।

इसी क्रम में राधिका नगर में खेले गये मुकाबलों में अमेजिंग इलेवन, एनसीसी दुर्ग, विक्की इलेवन, एसएससी इलेवन, जेएसआर और राइजिंग स्टार की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। वहीं खुर्सीपार में भी मैच के रोमांचक नजारे देखने को मिले। जहां पहले मैच में भिलाई वाले, दूसरे मैच में बीएनसीसी, तीसरे मैच में चैलेंजर्स ब्वायज, चौथे मैच में संकेत इलेवन, पांचवे मैच में होप इलेवन व छठें मैच में खुर्सीपार ब्वायज ने जीत दर्ज की।

## बीएसपी शालेय छात्र-छात्राओं के लिए ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करेगा 15 को

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जनवरी 2023 को सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत बीएसपी के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा दिनांक 15 जनवरी 2023 दिन रविवार को सेक्टर-8 पार्क में प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक भिलाई नगर के शालेय छात्र-छात्राओं के लिए तात्कालिक सुरक्षा ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा प्रतिभागियों को ड्राइंग शीट उपलब्ध कराया जाएगा। प्रतिभागी अपने साथ ड्राइंग एवं पेंटिंग के लिए अन्य आवष्यक सामग्रियां जैसे पेंसिल, वाटर कलर, आईल पेंट तथा क्रेऑन कलर आदि लेकर आयेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन 6 श्रेणियों में किया गया है। कक्षा नर्सरी के विद्यार्थियों के लिए ए श्रेणी, कक्षा 1 से 3 के लिए बी श्रेणी और कक्षा 4 से 5 के लिए सी श्रेणी में, कक्षा 6 से 8 के लिए डी श्रेणी में, कक्षा 9 से 12 के लिए ई श्रेणी में तथा निःषक्त विद्यार्थियों के लिए एफश्रेणी में ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतिभागी अपना नाम सेक्टर-8 पार्क के प्रवेष द्वार पर प्रातः 9 बजे उसी दिन 15 जनवरी 2023, रविवार को पंजीकृत करवा कर भाग ले सकते है। इस प्रतियोगिता के सभी 6 श्रेणियों से चयनित प्रविष्ठियों को दिनांक 23 से 31 जनवरी 2023 तक नेहरू आर्ट गैलरी में आयोजित ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रदर्षनी में प्रदर्षित किया जाएगा।



# सेल-बीएसपी ने वर्ष 2022 में उत्पादन के क्षेत्र में किया धमाकेदार प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों ने वर्ष 2022 में उत्पादन के नए रिकॉर्ड दर्ज कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। जिसमें फिनिष्ड स्टील, सेलेबल स्टील तथा डिस्पैच में श्रेष्ठ प्रदर्षन किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों ने भी इस वित्त वर्ष में उत्पादन के नए वार्षिक कीर्तिमान स्थापित करने में सफल हुए। इनमें शामिल हैं सिंटर प्लांट-3, एसएमएस-3, यूआरएम, बीआरएम तथा आरएमपी-3।



संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 ने वर्ष 2022 में 53,65,500 टन सिंटर उत्पादन कर वर्ष 2021 में दर्ज किए सर्वश्रेष्ठ निष्पादन रिकॉर्ड 51,92,267 टन सिंटर को ध्वस्त किया। इसी क्रम में दोनों सिंटर प्लाट्स ने मिलकर वित्त वर्ष 2022 में कुल 80,01,700 टन सिंटर उत्पादन करते हुए वर्ष 2021 में दर्ज किए 78,48,545 टन सिंटर उत्पादन रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया कीर्तिमान रचा है।

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, एसएमएस-3 ने वर्ष 2022 में 29,27,600 टन कास्ट स्टील प्रोडक्षन कर, वर्ष 2021 के 26,75,258 टन कास्ट स्टील प्रोडक्षन के अपने ही रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

एसएमएस-3 ने सर्वश्रेष्ठ कुल कास्ट स्टील उत्पादन के साथ-साथ वित्त वर्ष 2022 में सर्वश्रेष्ठ 11,30,100 टन कास्ट ब्लूम और 17,97,500 टन कास्ट बिलेट उत्पादन का रिकॉर्ड भी बनाया है, जो कि वर्ष 2021 में दर्ज किए गए 10,34,317 टन कास्ट ब्लूम और 16,40,941 टन कास्ट बिलेट और उत्पादन के रिकॉर्ड से कहीं अधिक है। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, यूआरएम ने वर्ष 2022 में 7,43,500 टन प्राइम रेल तथा 7,00,700 टन लाँग रेल प्रोडक्षन करते हुए वर्ष 2021 में दर्ज 6,28,922 टन प्राइम रेल तथा वर्ष 2020 में दर्ज 6,91,986 टन लाँग रेल प्रोडक्षन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। इसी क्रम में संयंत्र के यूआरएम तथा आरएसएम ने मिलकर वर्ष 2022 में कुल 8,43,700 टन लाँग रेल प्रोडक्षन कर वर्ष 2020 में दर्ज 6,91,986 टन लाँग रेल प्रोडक्षन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। संयंत्र की अन्य मॉडेक्स इकाई बार एंड रॉड मिल ने भी वर्ष 2022 में 8,14,300 टन फिनिष्ड उत्पादन कर नया रिकॉर्ड दर्ज किया। बीआरएम ने यह रिकॉर्ड वर्ष 2021 में उत्पादित 6,56,606 टन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए बनाया है। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी फिनिषिंग मिलों ने मिलकर वर्ष 2022 में कुल 42,77,100 टन फिनिष्ड स्टील प्रोडक्षन कर, वर्ष 2021 में दर्ज किए 36,32,768 टन फिनिष्ड स्टील प्रोडक्षन के अपने सर्वश्रेष्ठ निष्पादन रिकॉर्ड को पार कर नया कीर्तिमान दर्ज किया है। सेल-बीएसपी ने वर्ष 2022 में 46,67,800 टन सेलेबल स्टील प्रोडक्षन कर वर्ष 2021 में दर्ज 46,60,348 टन कुल सेलेबल स्टील प्रोडक्षन के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया है। सेल-बीएसपी ने वर्ष 2022 में 8,66,500 टन लाँग रेल्स का प्रेषण कर वर्ष 2020 में दर्ज 7,15,644 टन लाँग रेल्स का प्रेषण के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। वर्ष 2022 में संयंत्र ने 26,76,200 टन डायरेक्ट डिस्पैच कर वर्ष 2021 में दर्ज 24,74,061 टन डायरेक्ट डिस्पैच के रिकॉर्ड को पार कर नया कीर्तिमान दर्ज किया है। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, आरएमपी-3 ने वर्ष 2022 में 4,69,600 टन का उत्पादन कर नया कीर्तिमान रचते हुए वर्ष 2021 में दर्ज सर्वश्रेष्ठ निष्पादन रिकॉर्ड 3,85,430 टन को ध्वस्त कर दिया है।

इसी प्रकार संयंत्र की ब्लास्ट फर्नेसों ने हॉट मेटल के उत्पादन में 110 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल अधिकतम कोल डस्ट इंजेक्षन (सीडीआई) दर प्राप्त किया जो वर्ष 2021 में दर्ज किए गए 77.4 किलोग्राम प्रति टन से कहीं अधिक है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950